



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 17 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 130 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

https://epaper.shubhamsandesh.net


# झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन नहीं रहे

## ब्रेन हेमरेज के बाद दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस, सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दु:ख, झामुमो और पूरे राज्य को गहरा आघात

संवाददाता । रांची

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का शुक्रवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया. वे पिछले 13 दिनों से जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट) पर थे, लेकिन स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था. गत दो अगस्त को सोरेन अपने आवास पर बाथरूम में फिसलकर गिर गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और ब्रेन हेमरेज हो गया. हालत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया लाया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनका उपचार कर रही थी. बावजूद इसके, उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और शुक्रवार रात उनका निधन हो गया.

**राजनीतिक सफर और योगदान :** रामदास सोरेन झामुमो के एक मजबूत और प्रभावशाली नेता थे.



उन्होंने घाटशिला विधानसभा सीट का दो बार प्रतिनिधित्व किया और झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी. उनकी पहचान एक जननेता के रूप में थी, जो हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटे रहते थे. शिक्षा मंत्री के तौर पर उन्होंने राज्य के शैक्षणिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं, जिन्हें लंबे समय तक याद किया जाएगा.

**झारखंड में शोक की लहर :** उनके निधन की खबर से झारखंड की राजनीति और शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है. मुख्यमंत्री सहित कई राजनीतिक दलों के नेताओं और समर्थकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्हें झारखंड की राजनीति में एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है. झामुमो के प्रवक्ता कुणाल सारंगी सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की है.

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर लिखा है कि ऐसे छोड़कर नहीं जाना था रामदास दा. अंतिम जोहार दा... वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शोक जताया. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि रामदास सोरेन के निधन का समाचार सुनकर अत्यंत मर्माहत हूं. वे सरल स्वभाव के, कर्मठ एवं जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे. ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को संबल दें. रामदास सोरेन को विधानसभा में श्रद्धांजलि दी गयी और देर शाम जमशेपुर के घोड़ाबांदा में उनका अंतिम संस्कार किया गया. मौके पर पार्टी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## ब्रीफ न्यूज

### नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन का निधन

**कोहिमा ।** नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन का शुक्रवार को चेन्नई के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. उनकी उम्र 80 वर्ष थी. यह जानकारी कोहिमा राजभवन के अधिकारी ने दी. राजभवन के पीआरओ अधिकारी के अनुसार, गणेशन पिछले कुछ दिनों से अस्पताल के आईसीयू में थे, जहां उन्हें विशेष निगरानी और इलाज के लिए भर्ती कराया गया था. उनके निधन पर प्रधानमंत्री ने शोक जताया.

### फायरिंग-आगजनी मामले में 7 गिरफ्तार

**लातेहार ।** लातेहार जिले में कोलियरियों में हुई फायरिंग और आगजनी की घटनाओं में शामिल राहुल दुबे गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातु जंगल में छापेमारी की गई, जहां अपराधी हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना की साजिश रच रहे थे. पुलिस टीम के पहुंचते ही अपराधी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया गया.

### दरगाह की दीवार और छत ढही, छह की मौत

**नई दिल्ली ।** साउथ ईस्ट दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन थाना इलाके के हुमायूं मकबरे के पीछे दरगाह शरीफ पत्ते शाह परिसर के अंदर दो कमरे की दीवार और छत गिरने से शुक्रवार शाम 6 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए. मौके पर रेस्क्यू करके 11 लोगों को निकाला गया, जिनमें से 9 घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया. शुक्रवार शाम इमारत गिरने के बाद आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज मौके पर पहुंचे.

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में बोले प्रधानमंत्री-

# देश के 300 से ज्यादा स्टार्टअप सिर्फ अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे

एजेंसी । नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की हालिया उपलब्धियों और आत्मनिर्भरता का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि देश, आत्मनिर्भर भारत के रूप में गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा 'हम सभी अंतरिक्ष क्षेत्र में इस उपलब्धि को देख रहे हैं और हमें गर्व है.'

**अपना स्पेस स्टेशन बनाने की दिशा में काम कर रहे' :** बीते दिनों अंतरिक्ष मिशन से लौटे भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौट आए हैं और आने वाले कुछ दिनों में वे भारत आएंगे. हम अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं. मुझे गर्व है कि देश के 300 से ज़्यादा स्टार्टअप सिर्फ अंतरिक्ष क्षेत्र में ही काम कर रहे हैं. इन 300 स्टार्टअप्स में हजारों युवा पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं. यही हमारे देश के युवाओं की ताकत है और यही हमारे देश के युवाओं पर हमारा भरोसा है.

**प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना लागू :** प्रधानमंत्री ने कहा 'आज 15 अगस्त है और इसी दिन हम अपने देश के युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की योजना शुरू कर रहे हैं. आज से प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना लागू हो रही है. इस योजना के तहत, निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवक-युवतियों को सरकार की ओर से 15,000 रुपये मिलेंगे. ज़्यादा रोजगार के अवसर पैदा करने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी. प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना युवाओं के लिए लगभग 3.5 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा करेगी.'

### 'ऑपरेशन सिंदूर में देश ने देखा मेड इन इंडिया का कमाल'






विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश ने मेड इन इंडिया का कमाल देखा. उन्होंने कहा 'ऑपरेशन सिंदूर में हमने मेड इन इंडिया का कमाल देखा है. दुश्मन भी उस तरह के गोला-बारूद से हैरान थे जो उन्हें चंद सेकंड में ही तबाह कर रहा था. अगर हम आत्मनिर्भर न होते, तो क्या हम ऑपरेशन सिंदूर को इतने बड़े स्तर पर अंजाम दे पाते? पिछले 10 वर्षों में हमने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा और आज हम इसके नतीजे देख रहे हैं.'

### भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप बाजार में जल्द ही आ जाएगी

प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि इस साल के अंत तक भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप्स बाजार में उपलब्ध हो जाएंगे, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा. प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के प्रयासों पर भी बात की. उन्होंने कहा 'अब जमीनी स्तर पर छह अलग-अलग इकाइयां स्थापित की जा रही हैं. हमने उनमें से चार को पहले ही हरी झंडी दे दी है.'

### पहली बार लाल किले से आरएसएस का जिक्र




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने आज लाल किले से अपने 103 मिनट लंबे भाषण में संघ के योगदानों को रेखांकित किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 100 साल की अवधि में संघ ने राष्ट्रनिर्माण के काम में योगदान दिया है. इस बात का उल्लेख इसलिए अहम है क्योंकि लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री ने पहली बार आरएसएस का जिक्र किया है. पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 में लगातार 12वें साल ध्वजारोहण किया. उन्होंने संघ को दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ बताया और कहा कि यह संगठन देश के अलग-अलग हिस्सों में योगदान दे रहा है.

## स्मृति शेष : नेमरा में संस्कार भोज



**रांची ।** पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के "संस्कार भोज" में हिस्सा लेने व गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने आम से लेकर खास लोगों का सैलाब शनिवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पहुंचा केंद्रीय रक्षा मंत्री ने गुरुजी को श्रद्धांजलि दी. **विशेष पेज 12 पर...**

### ग्रेटर नोएडा में बीटेक छात्र ने की खुदकुशी


एजेंसी । नयी दिल्ली

ग्रेटर नोएडा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बीटेक फाइनल ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी. मृतक छात्र की पहचान 24 वर्षीय शिवम के रूप में हुई है. वो बिहार के पूर्णिया जिले का रहने वाला था. इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना 15 अगस्त को थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत हुई. छात्र के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है. उस नोट में शिवम ने सबसे पहले आई एम सॉरी लिखकर अपने कदम पर अफसोस जताया. इसके बाद कॉलेज मैनेजमेंट से अपील की कि उसकी फीस परिवार को लौटा दी जाए.

### अलास्का में पुतिन से मिले ट्रंप

## युद्धविराम का दारोमदार जेलेंस्की पर छोड़ा गया

एजेंसी । एंकोरेज (अलास्का)



अलास्का शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर वी. पुतिन ने यूक्रेन में युद्धविराम पर चर्चा की. दोनों नेताओं के मध्य एंकोरेज स्थित ज्वाइंट बेस एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन में लगभग तीन घंटे बैठक चली. इसके बाद दोनों ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत की. अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्धविराम का दारोमदार यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की पर छोड़ दिया. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप और पुतिन ने शिखर वार्ता बिना किसी मुद्दे पर सहमति की घोषणा किए संपन्न की. ट्रंप ने प्रगति का अस्पष्ट लेकिन सकारात्मक आकलन करते हुए कहा, कई बिंदुओं पर सहमति बन गई है. अब बहुत कम बिंदु बाकी हैं. पुतिन ने कहा, हम इस बात से आश्वस्त हैं कि समझौते को स्थायी और दीर्घकालिक बनाने के लिए हमें संघर्ष के सभी प्राथमिक कारणों को समाप्त करना होगा. पुतिन ने कहा कि मॉस्को की मांग है कि यूक्रेन अपनी जमीन का एक बड़ा हिस्सा रूस को सौंपे. निरस्त्रीकरण करे. नाटो में शामिल न होने की शपथ ले.

### दुनिया की सबसे अमीर जमीनों पर बसे लोग गरीब क्यों हैं? तो लीजिए, असल आंकड़े-

- 30% सोना- माली, बुर्किना फासो, घाना, तंज़ानिया-सोना नदियों की तरह बहता है, लेकिन लोग गरीबी में तैरते हैं.
- 65% हीरे - बोत्सवाना, अंगोला, कांगो, सिएरा लियोन में, अरबों डॉलर के हीरे निकाले जाते हैं, लेकिन मज़दूर $1 रोज कमाते हैं.
- 35% यूरेनियम - नाइजर, नामीबिया, साउथ अफ्रीका में, पेरिस की लाइटें हमारे यूरेनियम से जलती हैं, लेकिन हमारे गांवों में बिजली नहीं.

और तुम पूछते हो- अफ्रीका गरीब क्यों है?
सही सवाल ये है : अफ्रीका को इतना अमीर होते हुए गरीब कैसे बनाए रखा गया?
जवाब है- उपनिवेशवाद.

# आंतरिक उपनिवेश से मुक्ति की छटपटाहट

सुधीर पाल



पश्चिमी देशों को ललकारते और देशवासियों के मन में भरोसा जगाते अफ्रीकी देश बुर्कीना फासो के युवा राष्ट्रपति इब्राहिम ट्रोरे की इस वीडियो ने खूब सुर्खियां बटोरीं. लेकिन ऊपर के वाक्यों से यदि बुर्कीना फासो को हटा झारखंड, ओडिशा, छतीसगढ़ या उत्तर पूर्व के कुछ राज्यों का नाम जोड़ दें, तो लगभग ऊपर की ही तस्वीर बनेगी. युवा राष्ट्रपति इब्राहिम ट्रोरे को अफ्रीकी देश बुर्कीना फासो में मसीहा और तारणहार की तरह देखा जा रहा है. वजह है, उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनसे हिंसा, आर्थिक तंगी, भुखमरी झेलते इस अफ्रीकी देश के लोगों को उम्मीद मिली है. क्या झारखंड और अन्य खनिज संपन्न राज्यों में



स्थिति इससे अलग है?

भारत में खनन उद्योग एक प्रमुख आर्थिक गतिविधि है, जो भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है. खनन उद्योग का जीडीपी में योगदान 2.2% से 2.5% तक है. 2015-16 में खनिज उत्पादन का मूल्य लगभग 2,76,638 करोड़ था, जिसमें पांचवीं अनुसूची क्षेत्र की हिस्सेदारी 65% रही. इसके साथ ही खनन से मिलने वाली रॉयल्टी का 88.5% अनुसूचित क्षेत्र होने वाले राज्यों से आता है. फिर भी, दुर्भाग्य यह है कि जनजातीय आबादी इन संसाधनों की मालिक होते हुए भी बेरोजगारी, गरीबी और असुरक्षा का सामना कर रही है. वह संसाधनों के दोहन के बावजूद सामाजिक-आर्थिक रूप से सबसे कमजोर बनी हुई है.

**खतरा है खनन :** खनन गतिविधियां अनुसूचित क्षेत्रों के जनजातीय समुदायों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरी हैं. देश भर में कुल 2,100 माइंस हैं, जिनमें करीब 1,463 खानें अनुसूचित क्षेत्रों में स्थित हैं. खनन से प्राप्त रॉयल्टी का 88.5% भी इन्हीं राज्यों से आता है, फिर भी स्थानीय जनजातियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति सबसे अधिक असुरक्षित और कमजोर बनी रहती है. इसमें हिमाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा के आंकड़े शामिल नहीं हैं. ध्यान रहे कि अनुसूचित क्षेत्रों में खनन गतिविधियों पर व्यवस्थित आंकड़ों का नितांत अभाव है. खनन गतिविधियों से प्राप्त होने वाले राजस्व और मुनाफे का ब्यौरा जुटा पाना थोडा मुश्किल है. ये आंकड़े एक साथ कहीं उपलब्ध नहीं हैं.

एमएमडीआर एक्ट, 2015 खनिज संपदाओं को 'प्रमुख'और 'लघु' खनिज के तौर पर वर्गीकृत करता है. लघु खनिज के अंतर्गत बालू, रेट, पत्थर, गिट्टी,चिकनी मिटटी आदि आता है. केन्द्र सरकार की अधिसूचना के मुताबिक़ जो कुछ लघु खनिज के रूप में अधिसूचित नहीं हैं, वे प्रमुख खनिज माने जायेंगे. वर्ष 2015-16 में खनिज उत्पादन का मूल्य 2,76, 638 करोड़ आंका गया था. 2023-24 के लिए खनिज उत्पादन (परमाणु, ईंधन और लघु खनिजों को छोड़कर) का अनंतिम कुल मूल्य 1,41,239 करोड़ होने का आँका गया. इसी वित्तीय वर्ष में धात्विक खनिजों का अनंतिम मूल्य 1,27,599 करोड़ आंका गया. जो कुल खनिज उत्पादन मूल्य का 90.3% है. **शेष पेज 11 पर**

### विपक्ष के वोटर लिस्ट में गलती के सवाल पर ईसी का जवाब

## सही समय पर मुद्दा उठाते तो समाधान हो जाता

नई दिल्लीः चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में गलतियों के मुद्दे पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा है कि अगर सही समय पर ये मुद्दे उठाए जाते तो गलतियां सुधार ली जातीं। आयोग ने साफ किया कि वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें सभी राजनीतिक दलों को शामिल किया जाता है। आयोग ने कहा कि वोटर लिस्ट में गलतियों के मुद्दे को उस समय उठाना चाहिए था जब ड्राफ्ट लिस्ट पर दावों और आपत्तियों की मांग की गई थी। चुनाव आयोग के मुताबिक, भारत में संसद और विधानसभा चुनावों के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया कई स्तरों पर बंटी हुई है। इसे तैयार करने का जिम्मा इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स को दिया जाता है, जो एसडीएम स्तर के अधिकारी होते हैं। इनकी मदद बूथ लेवल ऑफिसर्स करते हैं। ये अधिकारी वोटर लिस्ट की सटीकता की जिम्मेदारी लेते हैं।

**पारदर्शिता का रखा गया पूरा ध्यान**

आयोग ने बताया कि जब वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट तैयार होता है, तो उसकी डिजिटल और फिजिकल कॉपियां सभी राजनीतिक दलों को दी जाती हैं। साथ ही, इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी डाला जाता है ताकि कोई भी इसे देख सके। ड्राफ्ट लिस्ट आने के बाद, वोटर्स और राजनीतिक दलों को एक महीने का समय दिया जाता है, जिसमें वे अपनी शिकायतें या आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं।



# विधानसभा परिसर में राज्यपाल सहित विधायकों ने रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की

शुभम संदेश। रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को झारखंड विधानसभा परिसर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता और निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. राज्यपाल ने कहा कि रामदास सोरेन का असामयिक निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की.

**प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महासचिव आलोक कुमार दुबे, किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, कांग्रेस मीडिया सेल के प्रभारी राकेश सिन्हा, सोना शांति, सतीश पॉल मुंजनी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की. महासचिव आलोक कुमार दुबे ने उनके योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि रामदास सोरेन एक ईमानदार, संघर्षशील और जनसेवा को समर्पित नेता थे. उनका निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है. दिशा दिखाने वाले ऐसे नेता की कमी सदैव महसूस की जाएगी.उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उनका जीवन और विचार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा. रामदास सोरेन जी अमर रहें



**झारखंड भाजपा ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया:** झारखंड भाजपा ने राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू नेमंत्री रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर विधानसभा परिसर में श्रद्धांजलि दी. मरांडी ने कहा कि सहज सरल स्वभाव के धनी स्व रामदास सोरेन के निधन राज्य केलिए अपूरणीय क्षति है. कोल्हान क्षेत्र की राजनीति में स्व रामदास सोरेन ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी. मरांडी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि भगवान स्व रामदास सोरेन की आत्मा को शांति प्रदान करे और परिजनों, उनके समर्थकों को दुख की बेला में धैर्य और साहस प्रदान करें. विधानसभा परिसर में स्व रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.



**ऐसे छोड़ कर नहीं जाना था रामदास दा... अंतिम जोहार दादा...**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा – ऐसे छोड़ कर नहीं जाना था रामदास दा... अंतिम जोहार दादा...। इससे पहले महीने की शुरुआत में सीएम के पिता और झामुमो के संस्थापन्क शिन्त सोरेन का भी निधन हुआ था.

# रामदास सोरेन के निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर











झारखंड के स्कूली शिक्षा व निबंधन मंत्री और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामदास सोरेन का शुक्रवार को दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। 62 वर्षीय झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता दो अगस्त को अपने जमशेदपुर स्थित आवास के बाथरूम में फिसलकर गिर गए थे, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट लगी और मस्तिष्क में रक्तस्त्राव (ब्रेन हेमरेज) हुआ। इसके बाद उन्हें तत्काल टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया। वहां 13 दिनों तक जीवन रक्षक प्रणाली (लाइफ सपोर्ट) पर रहने के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने एक्स पर एक भावुक पोस्ट में उनके निधन की पुष्टि करते हुए कहा, ₹उनके लाखों चाहने वालों, शुभचिंतकों, कर्मठ कार्यकर्ताओं, स्कूली शिक्षा व निबंधन विभाग के सहयोगियों और हम सबके लिए यह एक व्यक्तिगत और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सोरेन को बचाने के लिए दिन-रात प्रयास किया।₹

**शोक की लहर और नेताओं की प्रतिक्रिया**

रामदास सोरेन के निधन की खबर से झारखंड की राजनीति और उनके गृह क्षेत्र घाटशिला में शोक की लहर दौड़ गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, रामदास सोरेन का जाना झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक जमीन से जुड़े नेता थे और शिक्षा के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी और कहा था कि उन्होंने अपोलो अस्पताल के निदेशक से बात कर बेहतर इलाज सुनिश्चित किया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक्स पर लिखा, ₹हमारे बड़े भाई रामदास सोरेन की हालत गंभीर थी, लेकिन हमने उम्मीद नहीं छोड़ी थी। उनका जाना एक बड़ा नुकसान है। घाटशिला के पूर्व विधायक सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि ये अत्यंत दुखद समाचार है। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। शोकाकुल परिवार को भगवान इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करे। जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के समाचार से गहरा दुख हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों, सहयोगियों और समर्थकों को यह दुख सहने की शक्ति दें। राज्य की शिक्षा व्यवस्था और जनसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य रहा है, जिसे झारखंड सदैव याद रखेगा।झारखंड के गवर्नर ने X पर लिखा, ₹स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री श्री रामदास सोरेन जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर मैं अत्यंत मर्माहत हूँ।

**झारखंड आंदोलन के सच्चे योद्धा थे रामदास सोरेन : सुदेश महतो**
आजसू पार्टी प्रमुख सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि रामदास सोरेन मजदूरों और विस्थापितों की आवाज बनकर सदैव अग्रिम पंक्ति में संघर्षरत रहे. उन्होंने झारखंड आंदोलन में एक सच्चे योद्धा की भूमिका निभाई. महतो ने कहा कि रामदास सोरेन ने महत्वाकांक्षा से दूर रहकर जनसेवा को अपना लक्ष्य बनाया था.

**झारखंडी जनता के हक के लिए लड़े थे सोरेन : प्रवीण प्रभाकर**
आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि रामदास सोरेन का जाना उस पीढ़ी का एक पाया खिसक जाना है, जिसने झारखंडी जनता के हक और सम्मान की लड़ाई को मूलमंत्र बनाया था. वह मंत्री पद की दौड़ में नहीं बल्कि जनकल्याण में तत्पर दिखते थे.

**विस्थापितों और मजदूरों के लिए आवाज उठाते रहे रामदास: डॉ भगत**
आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के चले जाने पर आदिवासी जनता के लिए आवाज उठाने वाला चला गया. वह जीवन भर विस्थापितों और मजदूरों के हितों के लिए आवाज उठाते रहे. मंत्री बनने के बाद भी सादगी कम नहीं हुई थी.

### झारखंड की राजनीति पर गहरा प्रभाव

रामदास सोरेन का निधन झामुमो और झारखंड की राजनीति के लिए एक बड़ा झटका है। खासकर कोल्हान क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और जनता के बीच लोकप्रियता ने उन्हें एक महत्वपूर्ण नेता बनाया था। चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद झामुमो ने उन्हें कोल्हान में बड़ा नेतृत्व सौंपा था, जिसे अब भरना चुनौतीपूर्ण होगा। राज्य भर में उनके चाहने वालों और कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है.









## झारखंड में शिक्षा मंत्री के निधन पर एक दिन का राजकीय शोक

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के शिक्षा मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का निधन हो गया. उन्होंने 15 अगस्त को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली. इस खबर की जानकारी झामुमो के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी थी. झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह रांची लाया गया. एक अधिकारी ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता का पार्थिव शरीर दिल्ली से बिरसा मुंडा हवाई अड्डा लाया गया और इसे विधानसभा परिसर में रखा गया, जहां मंत्री, विधायक और नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. झामुमो, कांग्रेस और भाजपा के कई नेता हवाई अडडा पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की. झारखंड सरकार ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर शनिवार को एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया. बयान के अनुसार, झारखंड में सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा और कोई भी आधिकारिक समारोह का आयोजन नहीं किया गया. बयान में कहा गया, राज्य सरकार ने मंत्री के सम्मान में शनिवार को एक दिन का राजकीय शोक रखा. कार्यालयों मे लगे राष्ट्रीय ध्वज आधा झुके रहे.



## दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि में सीएम हेमंत सोरेन का भावुक संदेश
# अब आपका सपना, हमारा संकल्प

शुभम संदेश। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म के समापन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक संदेश दिया. उन्होंने कहा, ₹बाबा आपकी कमी कोई नहीं भर सकता, अब आपके मार्ग पर चलना ही हमारा कर्तव्य है. अब आपका सपना, हमारा संकल्प है.₹

**राजधानी की श्रद्धांजलि सभाओं में उमड़े लोग:** इधर शनिवार को रांची जिले में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में जनसैलाब उमड़ पड़ा. जिले के हर कोने में लोगों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से उन्हें याद किया. सरकारी कार्यालयों से लेकर गांवों तक, हजारों लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी.

**महिलाओं की अगुवाई में ग्राम स्तर तक श्रद्धांजलि:** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत संचालित 64 क्लस्टरों और सभी ग्राम संगठनों में सैकड़ों स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं ने श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया. इन आयोजनों में सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए. एसएचजी की दीदियों ने कहा कि शिबू सोरेन केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए लड़ने वाले जननेता थे. उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है और उनका संघर्ष झारखंड के हर नागरिक के दिल में जीवित है.

**गांव-गांव तक गूंजे विचार**
श्रद्धांजलि सभाओं में महिलाओं ने कहा कि "दिशोम गुरु की सादगी और संघर्षशीलता ने उन्हें जन-जन का नेता बनाया. उनके विचार आज भी गांव की गलियों से राजधानी तक गूंजते हैं." लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. कार्यक्रमों में यह भावना मुखर होकर सामने आई कि दिशोम गुरु का योगदान झारखंड के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा. उनके मूल्य और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को भी राह दिखाते रहेंगे.

## विस्तारित हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को केंद्रीय मंत्री व बिहार के डिप्टी सीएम ने हरी झंडी दिखाई
# 22309/22310 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलेगी

- पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार का संपर्क मजबूत करेगी यह ट्रेन

शुभम संदेश। रांची

हावड़ा और भागलपुर के बीच प्रतिष्ठित वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा 15 सितंबर 2024 को किया गया था व 17 सितंबर 2024 से नियमित परिचालन प्रारंभ हुआ. अब इस सेवा का विस्तार जमालपुर तक कर दिया गया है. अब विस्तारित सेवा 22309/22310 हावड़ा – जमालपुर – हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में चलेगी, जो पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के बीच क्षेत्रीय संपर्क को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. विस्तारित सेवा का शनिवार को जमालपुर स्टेशन से केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर विधायक अजय कुमार सिंह, प्रणब कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल मोहन गुप्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे. मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता और मंडल के वरिष्ठ शाखा अधिकारियों ने भी समारोह में भाग लिया. इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए इन महत्वपूर्ण क्षेत्रीय केंद्रों के बीच तेज, अधिक आरामदायक और कुशल यात्रा सुनिश्चित करना है.

ट्रेन संख्या 22309 हावड़ा–जमालपुर वंदे भारत एक्सप्रेस प्रतिदिन (शुक्रवार को छोड़कर) सुबह 07:45 बजे हावड़ा से प्रस्थान करेगी और उसी दिन दोपहर 14:15 बजे जमालपुर पहुंचेगी. यह ट्रेन मार्ग में बोलपुर शांतिनिकेतन (आगमन/प्रस्थान 09:13/09:15 बजे), रामपुरहाट (आगमन/प्रस्थान 10:00/10:02 बजे), दुमका (आगमन/प्रस्थान 11:05/11:07 बजे), नोनीहाट (आगमन /प्रस्थान11:32/11:34 बजे), हंसडीहा (आगमन/प्रस्थान 11:50/11:52 बजे), मंदार हिल (आगमन/प्रस्थान 12:12/12:14 बजे), बाराहाट (आगमन/प्रस्थान 12:30/12:32 बजे) और भागलपुर (आगमन/प्रस्थान 13:15/13:17 बजे) स्टेशनों पर रुकेगी.

वापसी में ट्रेन संख्या 22310 जमालपुर–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस प्रतिदिन (शुक्रवार को छोड़कर) दोपहर 15:30 बजे जमालपुर से प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 22:05 बजे हावड़ा पहुंचेगी. यह ट्रेन मार्ग में भागलपुर (आगमन/प्रस्थान 16:22/16:24 बजे), बाराहाट (आगमन/प्रस्थान 17:02/17:04 बजे), मंदार हिल (आगमन/प्रस्थान 17:16/17:18 बजे), हंसडीहा (आगमन/प्रस्थान 17:38/17:40 बजे), नोनीहाट (आगमन/प्रस्थान 17:53/17:55 बजे ), दुमका (आगमन/प्रस्थान 18:25/18:27 बजे), रामपुरहाट (आगमन/प्रस्थान 19:18/19:20 बजे) तथा बोलपुर शांतिनिकेतन (आगमन/प्रस्थान 19:56/19:58 बजे) स्टेशनों पर रुकेगी.

मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह व सम्राट चौधरी ने हावड़ा–जमालपुर–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस के विस्तार पर गर्व व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि यह नई सेवा क्षेत्रीय संपर्क को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाएगी, जिससे व्यापारियों, छात्रों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा, साथ ही बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा. उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जमालपुर को प्रमुख औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्रों के करीब लाना इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है.

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी
# झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं झारखंड अलग राज्य के निर्माता

शुभम संदेश। रांची

प्रदेश भाजपा द्वारा शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई. विधानसभा परिसर में स्थापित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा एवं प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह ,महानगर अध्यक्ष वरुण साहू आदि ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी.नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व का नाम है. मां भारती के सच्चे सपूत,कवि हृदय अटल जी झारखंड की जनता के दिलों में बसते हैं.



कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सपना साकार करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने न केवल अलग राज्य का सपना साकार किया बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण में उन्होंने क्रांतिकारी कदम उठाए. विकसित भारत ,स्वाभिमानी भारत की नींव अटल जी ने रखी.




https://epaper.shubhamsandesh.net

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 17 अगस्त 2025 । भद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 130 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उपायुक्त-एसएसपी ने किया झंडोत्तोलन

# धनबाद के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन संकल्पित : उपायुक्त

**शुभम संदेश। धनबाद**



- डीएमएफटी से चलाई जा रही है 187 से अधिक योजनाएं
- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में 3,53,199 लाभुकों को किया जुलाई 2025 तक का भुगतान
- 64,742 ग्रीन कार्ड का निर्माण
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 2,73,632 लाभुकों को दिया ऋण
- प्रधानमंत्री आवास योजना में 320 लाभुकों को कराया गृह प्रवेश
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण प्रगति पर
- मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत छः वाहनों का परिचालन
- तीन कॉलेज में हो रहा है पुस्तकालय का निर्माण
- बेलगड़िया के विस्थापित परिवारों के आजीविका के लिए किया जा रहा है राष्ट्रीय कौशल विकास निगम का संचालन

### 64,742 ग्रीन कार्ड का निर्माण

झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (ग्रीन) अन्तर्गत 1,87,433 सदस्यों को आच्छादित करते हुए 64,742 ग्रीन कार्ड निर्माण किया गया है. वर्तमान में सभी ग्रीन कार्ड धारकों को 5 किग्रा चावल, चना दाल एवं नमक वितरित किया जा रहा है. वहीं सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के अन्तर्गत धनबाद जिला में वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय छः माही के लिए इस जिले में सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अन्तर्गत 5,06,899 परिवारों को आच्छादित करने का लक्ष्य है. लाभुकों के बीच वस्त्रों का वितरण जारी है.

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया. इससे पूर्व उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ परेड की सलामी ली. इसके बाद उपायक्त ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सभी जन-प्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों, अधिकारियों एवं धनबाद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. उन्होंने इस अविस्मरणीय दिवस पर वीर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनको नमन किया. उन महान हस्तियों को भी याद और नमन किया जिन्होंने एक संवैधानिक व्यवस्था के तहत स्वतंत्र एवं एकीकृत भारत की नींव रखी. उन्होंने इस पावन अवसर पर आपसी सौहार्द एवं एकता को बनाये रखते हुए अपने जिला, राज्य एवं देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने व सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में अपना यथा शक्ति योगदान देने का संकल्प लेने का अनुरोध किया.

उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिले के सर्वांगीण विकास के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है. केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है और अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास जिला प्रशासन कर रहा है.

**डीएमएफटी से चलाई जा रही है 187 से अधिक योजना:** डीएमएफटी उपायुक्त ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट में प्राप्त राशि से जिले में शिक्षा, पेयजलापूर्ति, आधारभूत संरचना सहित स्थानीय आवश्यकता के अनुसार 187 से अधिक विकास योजनाएं चलाई जा रही है।
इसमें जिला के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग कक्ष, शौचालय एवं मल्टीपरपज हॉल के निर्माण के लिए लगभग 9.13 करोड़ रूपए की 33 योजना, एक गाँव को दूसरे गाँव तथा ग्रामीण पथ को मुख्य पथ से जोड़ने के उद्देश्य से पथों के मजबुतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 50.58 करोड़ की 82 योजना, पेयजलापूर्ति प्रक्षेत्र के तहत धनबाद जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से जलापूर्ति करने के उद्देश्य से लगभग 61.18 करोड़ रू से 92 योजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई है।
वहीं आँगनबाड़ी केन्द्रों का महिला पर्यवेक्षिका द्वारा - नो कोस्ट लो कॉस्ट - में सर्वेक्षण कराया गया. मूल्यांकन के दौरान 200 में से 170 अंक पाने वाले 350 आँगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र के रूप में कायाकल्प किया जाएगा. विभिन्न प्रखण्डों के 21 आँगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आँगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए लगभग 3.23 करोड़ रूपए की योजना डीएमएफटी से स्वीकृत की गई है.

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में 3,53,199 लाभुकों को किया जुलाई 2025 तक का भुगतान:** उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिला अन्तर्गत ₹झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना₹ में 3,53,199 लाभुकों को जुलाई 2025 तक भुगतान किया जा चुका है. जबकि जिला अन्तर्गत केन्द्र पेंशन योजना में 83,598 एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में 1,84,978 पेंशनधारियों की संख्या मिलाकर कुल 2,68,576 है। जिसमें केन्द्र पेंशन योजना में लाभुकों को जून 2025 तक एवं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना में लाभुकों को अगस्त 2025 तक का भुगतान किया जा चुका है. स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सर्वभौमिक टीकारण कार्यक्रम के तहत सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और समय पर टीके उपलब्ध कराये जा रहे हैं. सदर अस्पताल को अत्याधुनिक मशीनों के साथ स्वास्थ्य जाँच को विकसित किया जा रहा है.

(शेष पेज-09 पर)

## वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**शुभम संदेश। धनबाद**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि धनबाद विधायक सह विधानसभा सचेतक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय, जगजीवन नगर में विशेष रूप से मनाई गई. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे. अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. विधायक राज सिन्हा सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने उनकी जीवनी और योगदान पर प्रकाश डाला. दिन में भूली स्थित अटल स्मृति पार्क में भाजपा भूली मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान की अध्यक्षता में पुण्यतिथि समारोह आयोजित किया गया. विधायक राज सिन्हा ने अटल स्मृति पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. संध्या में पुनः राज सिन्हा ने भूली अटल स्मृति पार्क पहुँचकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने अटल जी के राजनीतिक दर्शन को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम माना। उनकी 'सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय' की सोच आज भी प्रासंगिक है. अटल बिहारी वाजपेयी एक सर्वमान्य नेता, प्रख्यात पत्रकार और कवि थे. उन्होंने झारखंड को अलग राज्य बनाकर इसके विकास का मार्ग प्रशस्त किया. श्री सिन्हा ने कहा कि स्वर्णिम चतुर्भुज योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे महत्वपूर्ण कदम अटल जी के कार्यकाल की देन हैं.


## डीआरएम अखिलेश मिश्र ने किया ध्वजारोहण



**शुभम संदेश। धनबाद**

79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के उद्यान में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने धनबाद मंडल द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण भी प्रस्तुत किया ।
मंडल रेल प्रबंधक के संबोधन के उपरांत इस अवसर पर मंडल के कलाकारों एवं स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । देश की आजादी एवं रक्षा से जुड़े जवानों के साहस एवं बलिदान से संबंधित नृत्य नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुति की गयी । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा प्रिया मिश्र सहित महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अन्य सदस्याएं, मंडल के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा द्वारा स्काउट एवं गाईड डेन तथा जैक एण्ड जिल मोंटेशरी स्कूल में ध्वजारोहण किया गया एवं रेलवे अस्पताल में मरीजों के बीच उपहार वितरित किए गए

## हीरापुर में आज रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित



**धनबाद।** हीरापुर पीएसएस से जुड़े सभी 11 केवी फीडर रविवार की सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेंगे. यह कटौती रखरखाव कार्य के लिए की जाएगी. इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में भिश्तीपाड़ा, ज्ञान मुखर्जी रोड, हरिमंदिर रोड, हीरापुर हटिया, पुलिस लाइन, डीएस कॉलोनी, झारखंड मैदान, जर्नापारा, मास्टरपारा, आदर्श नगर, माडा कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, बेकरबांध, एलसी रोड, मनोरम नगर आदि शामिल हैं. इसके अलावा बच्चा जेल पीएसएस से जुड़े सभी फीडर भी सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक बंद रहेंगे, क्योंकि नया 5 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया जाएगा.






























# स्वतंत्रता दिवस पर धनबाद में शान से लहराया तिरंगा

## गोविंदपुर में तिंरगा को दी गयी सलामी



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

जैप 3 में प्रभारी समादेष्टा एवं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली. प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह एवं उप प्रमुख रेखा देवी तथा रजिस्ट्री ऑफिस में अवर निबंधक मनोजित प्रसाद प्रमुख डीएन सिंह ने झंडा फहराया. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे आदि उपस्थित थे. गोविंदपुर थाना में इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत, भाजपा नेता गोविन्द राय, अंचल निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर सीमा कुमारी, सीएचसी मे डा विशेश्वर कुमार, लाल बाजार में बलराम साव, लायंस क्लब में अधिवक्ता जया कुमार, नागरिक समिति में उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, विकास फोरम में डॉ अनिल कुमार, चेम्बर आफ कामर्स मे आनंद जायसवाल, पंचायत सचिवालय में मुखिया कुरैशा खातून, जियलगढ़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया रेशम कुमारी, पूर्वी गोविंदपुर में मुखिया झूमा मुखर्जी, पश्चिमी में मुखिया ममता देवी ,कौवाबांध में जिप सदस्य नाजिश रहमानी व एजाज अहमद, अमरपुर में जिप सदस्य सोहराब अंसारी, जंगलपुर में जिप सदस्य हसीना खातून ने मुर्गाबानी पंचायत में मुखिया अख्तर अंसारी ने तिरंगा फहराया. यहां के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था में तिरंगा फहराया गया.

## लोयाबाद में आन बान शान के साथ लहराया तिरंगा



**लोयाबाद।** पूरे लोयाबाद क्षेत्र में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया. क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों और संगठनों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई.
लोयाबाद थाना परिसर में थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. मुस्लिम कमेटी कार्यालय में महामंत्री असलम मंसूरी ने तिरंगा फहराया. अब्दुल कलाम पुस्तकालय लोयाबाद सात नंबर में चेंबर अध्यक्ष राजकुमार महतो, मदरसा लोयाबाद छह नंबर में सचिव खुर्शीद अकरम, तथा लोयाबाद मोड़ पर प्रकाश नोनियां ने ध्वजारोहण किया. शैक्षणिक संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. अंबेडकर एकेडमी में प्राचार्य बिनोद रस्तोगी, इंदिरा गांधी स्कूल में प्राचार्य सोमेन घोष और मार्डन स्कूल में प्राचार्य डीके घोष ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी. पूरे क्षेत्र में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में स्वतंत्रता दिवस का अद्भुत उत्साह देखा गया. हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए लोग वंदे मातरम्,भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से पूरे इलाके को गुंजायमान करते दिखे.
इस अवसर पर जयप्रकाश पांडेय, राजकुमार महतो, हरेंद्र चौहान, विजेंद्र पासवान, रवि चौबे, मनोज मुखिया, सुनील पांडेय, डब्लू पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

## महुदा : धूमधाम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**महुदा।** महुदा के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह काफी धूमधाम से मनाया गया. शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी तथा झंडोतोलन के पश्चात छात्र–छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. दमौदरम हॉस्पीटल भुरूँगिया में निदेशक डॉ. थन्नजय रजक व चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह, महुदा थाना परिसर में थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद,भाटडीह ओपी में अनुप कुमार सिंह,रवि महतो स्मारक शिक्षण संस्थान में संस्थापक जलेश्वर महतो, महुदा इंटर कॉलेज में सचिव दीप नारायण शर्मा, रॉयल रूट्स प्ले स्कुल में प्रचार्य अमीत कुमार पाठक, गाँधी स्मारक उच्च विद्यालय में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह व प्रचार्य रेणु रॉय, डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में प्राचार्य शुभाशीष चट्टोराज,मदरसा तालिमुल इस्लाम महुदा मोड़ में हाफिज सोहराब,पूना महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा मोड़ में सचिव धनेश्वर महतो,क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालयों में मुखिया ने झंडोतोलन किया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी.

## श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन



**धनबाद।** श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने सरस्वती बाल विद्या मंदिर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की.उन्होंने विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि जिन्होंने अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वे वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं. उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही भविष्य के धरोहर हैं. यदि वे मेहनत से पढ़ाई करें और अपने परिवार तथा अभिभावकों का मान–सम्मान बढ़ाएं, तो जीवन में निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेंगे. इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिहिर कुमार राय, प्रिंसिपल मिस अंकिता राय सहित शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे . कार्यक्रम में ज्योति कुमारी, प्रवीण प्रताप सिंह, विश्वनाथ कुमार, विशाल यादव, राहुल, अंकित, सुमित, शुभम, दीपक, अमित, सनी, संजय सहित अनेक छात्रों ने भाग लिया .

## टुंडी : स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रध्वज को दी सलामी

**टुंडी।** टुंडी में स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न संस्थानों में पूरे उत्साह के साथ झंडोत्तोलन किया गया. टुंडी प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मालती मराण्डी, टुंडी थाना में थाना प्रभारी उमाशंकर, टुंडी अंचल इंस्पेक्टर कार्यालय में मो साजिद हुसैन, इंटर डिग्री कालेज में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, वन विभाग कार्यालय में रेंजर एके मंजुल, कोल्हर पंचायत भवन में मुखिया विजय मंडल, रतनपुर पंचायत भवन में मुखिया गरीबन बीबी, बरवाटांड पंचायत भवन में मुखिया सनोदी देवी, कदैया पंचायत भवन में मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी ने झंडोत्तोलन किया.

## शारदा नाट्य मंच ने किया 'एक दिन का गांधी' का मंचन



**कतरास।** धनबाद की विख्यात राष्ट्रीय नाट्य संस्था शारदा नाट्य मंच, जामाडोबा ने कतरास के ज़ीएनएम +2 उच्च विद्यालय और उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बेहराकुदर में नाटक 'एक दिन का गांधी' का शानदार मंचन किया. इस नाटक ने दर्शकों को हंसी के साथ–साथ गहरे चिंतन का अवसर प्रदान किया. नाटक का निर्देशक अनिल सिंह और संस्था की अध्यक्ष वीणा कुमारी की अगुवाई में यह आयोजन सफल रहा. शारदा नाट्य मंच पिछले 10 वर्षों से रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है और अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ–साथ सामाजिक संदेश देने में भी अग्रणी रही है. नाटक में अनिल सिंह, रितेश सिंह, अमन कुमार, स्वीटी कुमारी, राहुल कुमार, कुणाल सिंह, रोहित कुमार, सुमित कुमार, मयंक कुमार, लक्ष्मी कुमारी, लक्की सिंह सहित अन्य कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया. नाटक के अंतिम क्षणों में दर्शक गहरे विचार में डूब गए.

## आरएसएसडीआई झारखंड चैप्टर का दो दिवसीय सम्मेलन प्रारंभ



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**

रिसर्च सोसायटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) झारखंड चैप्टर का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार को राज विलास रिज़ॉर्ट, कौवाबांध में शुरू हुआ. आयोजन सचिव डॉ. अजय पटवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें झारखंड सहित विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं. सम्मेलन में मधुमेह व मोटापे की नई दवाओं जैसे मोंजारो और वेगोवी पर चर्चा की जा रही है. इस अवसर पर आरएसएसडीआई की तीन वर्षीय ग्रामीण परियोजना आरआरओपी की शुरुआत भी की गई, जिसके तहत प्रत्येक जिले में एक गाँव को गोद लिया जाएगा. गोविंदपुर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुम्हारडीह को चुना गया है. रविवार को वहां निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा, जिसमें शुगर, बीपी, हृदय, किडनी, लिवर आदि की जांच की जाएगी और मुफ्त बीपी व शुगर मशीन दी जाएगी. सम्मेलन में डॉ. गोपाल चटर्जी, डॉ. यू.के. ओझा, डॉ. बिनोद सिंह, डॉ. एन.के. सिंह, डॉ. विजय विश्वनाथन, डॉ. अनुज माहेश्वरी, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. अमित गुप्ता सहित देशभर से विशेषज्ञ शामिल हुए. कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा.

### बिजली विभाग की लापरवाही से आक्रोश

# 11000 वोल्ट तार की चपेट में आकर खलासी की मौत

**विभाग के खिलाफ लोगों में रोष, अंचल अधिकारी ने सरकारी योजना का लाभ दिलाने का दिया आश्वासन**



**शुभम संदेश। कतरास/तेतुलमारी**

बिजली विभाग की घोर लापरवाही से ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत सोरीटांड़ के सेफ होम सोसाइटी में स्टोन डस्ट लोड हाइवा के उपचालक सुजाद अंसारी 11000 वोल्ट के तार के चपेट में आने से शुक्रवार को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना की खबर पाकर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई. सूचना पर जिला परिषद सदस्य इसराफिल उर्फ़ लाला, मोहलीडीह के पूर्व मुखिया मो आज़ाद पहुंचे और उच्च अधिकारी को घटना की सूचना दी. अंचल अधिकारी बाघमारा गिरजानंद किस्कू कतरास थाना के प्रभारी आशित कुमार सिंह, ईस्ट बसुरिया ओ पी प्रभारी रुपेश कुमार दुबे पहुंचे और लोगों से जानकारी ली. सुजाद अंसारी के भाई सहित परिजन भी घटना की सुचना पाकर घटनास्थल पहुंचे. घटना के बाद जिप सदस्य इसराफिल उर्फ़ लाला और मुखिया मो आज़ाद सहित ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही व मृतक सुजाद अंसारी को उचित मुआवजा को लेकर हंगामा कर दिया. घंटों तक हो हंगामा के बाद बाघमारा अंचल अधिकारी बाघमारा गिरजा नंद किस्कू ने मृतक सुजाद अंसारी की पत्नी को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया. हाइवा मालिक राहुल सिंह के प्रतिनिधि ने दो लाख मुआवजा देने की पेशकश की. जबकि प्रतिनिधियों ने हाइवा मालिक से छः लाख मुआवजा राशि देने की मांग की. पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया और मुआवजा व अन्य के लिए ईस्ट बसुरिया ओपी में वार्ता के लिए समय दिया. जिप सदस्य मो.इसराफिल उर्फ़ लाला ने घटना के पीछे बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही को वजह बताया कहा कि 11000 वोल्ट का विद्युत चालित तार का नीचे झूलने की पूर्व में ही शिकायत की थी. जिसका निराकरण नहीं होने के कारण ही यह घटना घटी है.उन्होंने मामले को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा करने की मांग की.

# 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की



**शुभम संदेश। धनबाद**

धनसार क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति-भाव के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक लाइटों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया. भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को मनाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर में एकत्र हुए, जिनमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए भक्त भी शामिल थे. मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति को लाल और सुनहरे वस्त्रों से सुशोभित किया गया. ठाकुरजी को चांदी के झूले में झुलाया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. मंदिर परिसर में सुगंधित फूलों और दीपों की सजावट ने एक अलौकिक वातावरण का निर्माण किया. भक्तों ने पंचामृत (दूध, दही, घी, शहद, और गंगाजल) से भगवान का अभिषेक किया और माखन, मिश्री, और पंजीरी का भोग अर्पित किया. मध्यरात्रि में ठीक 12 बजे, जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया, मंदिर परिसर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा. इस दौरान शंख और घंटियों की ध्वनि के साथ भगवान की विशेष आरती की गई. भक्तों ने भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण की लीलाओं का पाठ किया, जिसने पूरे वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया.

## पाथरडीह थाना परिसर में भजन संध्या का आयोजन



**शुभम संदेश।** कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पाथरडीह थाना परिसर में बाबा अनीश्वर नाथ शिव मंदिर समक्ष शुक्रवार की रात भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया गया. जिसमें भोजपुरी के प्रसिद्ध भजन गायक मंटू ब्यास ने एक से बढ़कर एक भक्ति भजन प्रस्तुत कर भक्त श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. जिसे श्रोताओं ने काफी सराहा. मंटू ब्यास एंड पार्टी ने गणपती बंदना तुम्हें प्रथम पुका रूआज दयानन्द आ जाओ, के बाद बाबा अवघड़दानी के मनाले सब काम हो जई हे. माँ शेरावाली ऐ माँ शेरावाली, के बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सोहर गीत कि कहवा में कृष्ण जी जनमले महलिया उठे सोहर ऐ ललना, राजा दशरथ जी के अंगनवा खेले चार गो लालनवा नु हो. आदि भोजपुरी सोहर गीत पर श्रोता रात भर झूमते रहे. इस अवसर पर पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार झा, सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, अलकडीहा थाना प्रभारी बासु जी गौशाला ओपी प्रभारी रवि कुमार सिंह के अलावें काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए.

## जन्माष्टमी पर सांसद ने प्रभु श्रीकृष्ण की पूजा



**बरोरा।** जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने अपनी धर्मपत्नी सावित्री देवी के साथ चिटाही धाम स्थित श्री श्री राम राज मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की पूजा–अर्चना की. इस दौरान उन्होंने बाल स्वरूप राधे–कृष्ण के दर्शन किए और भक्ति भाव के साथ प्रार्थना की. सांसद महतो ने इस अवसर पर सभी से अपने आध्यात्मिक जीवन से जुड़े रहने और धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की. उन्होंने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ाव जीवन में शांति और समृद्धि लाता है. इस मौके पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, और सभी ने उत्साह के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया.

### न्यूज अपडेट

## इस्कॉन में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**धनबाद (शुभम संदेश)।** इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री वृंदावन महोत्सव के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. महोत्सव की शुरुआत नरसी मेहता की कथा के साथ हुई. इसके पश्चात कीर्तन, आरती और महाअभिषेक का आयोजन किया गया. भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उपलक्ष्य में छप्पन भोग भी सजाया गया. इस महोत्सव में भाग लेने के लिए वृंदावन, दिल्ली और गुजरात से बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हुए. जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें यूथ टीम द्वारा नरसी मेहता के जीवन पर आधारित नाटक की शानदार प्रस्तुति दी गई. इस्कॉन कुसुम विहार के प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने कथा के दौरान बताया कि जब किसी भक्त की भक्ति पूर्णतः निष्काम हो जाती है, तब उसकी छोटी-से-छोटी समस्या भी भगवान को व्याकुल कर देती है. ऐसे भक्त भगवान को अत्यंत प्रिय होते हैं और भगवान उन्हें सदैव अपने निकट रखते हैं. जन्माष्टमी महोत्सव में 1000 से अधिक भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

## पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

**महुदा (शुभम संदेश)।** महुदा थाना क्षेत्र के कंचनपुर नीचे टोला निवासी स्व. महादेव रवानी के छोटे पुत्र चुरण रवानी उम्र 24 वर्ष का शव अपने ही घर में फंदे से झुलता हुए पाया गया. घर के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी.महुदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि चुरन रवानी का विवाह दो वर्ष पहले नगड़ी बस्ती में हुआ था. उसकी एक छह का एक बच्ची भी है. वह ससुराल में ही रहता था. कभी कभार ही घर आता था. एक दो दिन पहले ससुराल में किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ था और रात को ही घर आया था. सुबह जब उसकी मां उसे उठाने गई तो दरवाजा अंदर से बंद था. अन्य लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि चुरण फांसी के फंदे से झुला हुआ है. तब लोगों ने पुलिस को सूचना दी. वह ससुराल में रहकर ही मजदूरी करता था. थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## सड़क दुर्घटना में मौत से महुदा में मातम

**महुदा (शुभम संदेश)।** जीटी रोड में बरवा पूर्व के आगे तेतुलिया सीमा पर गुरुवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में मृत महुदा थाना क्षेत्र के कांड्रा बस्ती निवासी नजीर खान का शव पोस्टमार्टम के बाद गोविंदपुर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया. शुक्रवार को दोपहर पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही नजीर का शव बस्ती पहुंचा, वहां कोहराम मच गया. चारों तरफ चीख पुकार मच गई. परिजनों के साथ-साथ आसपास के लोगों की आंखें भी नम हो गईं. एक पुत्र और दामाद के बाहर रहने के कारण शनिवार को दिन के दस बजे कांड्रा बस्ती कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया. इससे पूर्व जनाजे की नमाज अदा की गई. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत किया. मालूम हो कि गुरुवार को बरवा पूर्व के समीप एक सड़क दुर्घटना में नजीर खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी.

## संकट मोचन धर्मशाला में भागवत कथा का आयोजन

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार को संकट मोचन धर्मशाला, कुमारधुबी से 501 कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. महिला श्रद्धालुओं ने नंगे पांव कलश यात्रा में भाग लिया . यात्रा संकट मोचन धर्मशाला से प्रारंभ होकर बराकर नदी तक गई, जहां वैदिक विधि से कलशों का पूजन एवं अनुष्ठान किया गया. इसके बाद कलशों को संकट मोचन धर्मशाला में विधिवत स्थापित किया गया. रविवार से भागवत कथा का शुभारंभ होगा. यह कथा प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित की जाएगी. कथा का आयोजन 23 अगस्त 2025 तक चलेगा. भागवत कथा का वाचन बृंदावन की प्रिया अदिति करेंगी.

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में सेनानी की धर्मपत्नी से लेकर स्कूली बच्चों तक को किया गया सम्मानित



शुभम संदेश। धनबाद

**स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. फकीर चंद्र दा की धर्मपत्नी कनक लता दा को सम्मानित किया. कार्यक्रम में उपायुक्त व एसएसपी ने स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान और देशप्रेम की अमूल्य गाथा को याद किया. कहा कि उनका साहस और त्याग आज भी हमें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है.**

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी सहित 22 कर्मी सम्मानित

रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी लाल बाल किशोर नाथ शाहदेव सहित विभिन्न विभागों के 22 कर्मियों को सम्मानित किया गया. इसमें सामान्य शाखा के प्रधान सहायक असलम परवेज, अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के संजीत कुमार सिंह, अमनदीप गुप्ता जिला प्रभारी, वित्तिय साक्षरता केन्द्र, विवेक कुमार, अनुसेक जन शिकायत कोषांग, अशोक कुमार पाण्डेय सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, शिबू हाड़ी सफाई मित्र, कतरास अंचल, डॉ. ज्योति लाल, डॉ. गालिब हुसैन चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगंज, नंदु हाड़ी सफाई कर्मी, डॉ. अनिता चौधरी चिकित्सा पदाधिकारी, संतोष रजक सफाई कर्मी, नूतन कुमारी, सहिया, नूतन कुमारी एएनएम, स्वपन कुमार रजक, लिपिक, मो. जावेद इस्लाम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक निरसा, सुशांत कुमार, जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, मनोज कुमार - परियोजना पदाधिकारी, डीआरडीबी, संदीप कुमार महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला आपूर्ति शाखा,नंदलाल चौहान पंचायत सचिव, जिला पंचायती राज कार्यालय, लाल बाल किशोर नाथ शाहदेव, कार्यपालक दंडाधिकारी, प्रकाश सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक, अनुमंडल कार्यालय, अनुप सिंह अनुसेवक अनुमंडल कार्यालय को सम्मानित किया गया.

## सराहनीय कार्य के लिए बीआरपी व सीआरपी सम्मानित

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सराहनीय कार्य करने के लिए बीआरपी दिनेश भट्टाचार्य व मदन मोहन झा तथा सीआरपी बिराज दास, सुबोध दुबे, मधुकर प्रसाद एवं संजय कुमार रजक को सम्मानित किया गया. उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि सम्मानित होने वाले बीआरपी व सीआरपी ने पिछले 3 महीनों में सबसे अधिक विद्यालयों का भ्रमण करते हुए प्रोजेक्ट इंपैक्ट व प्रोजेक्ट रेल का अनुश्रवण कराया. विद्यालयों के संपूर्ण विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में इनका योगदान अत्यंत ही सराहनीय रहा.

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में 38वें नेशनल गेम्स तथा खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के तीन खिलाड़ी सम्मानित हुए. इसमें प्रेम किशोर महतो तथा अन्नु कुमारी को उत्तराखंड में आयोजित 38वें नेशनल गेम्स के लिए सम्मानित किया गया. वहीं करण सोरेन को अंडर 18 खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया.

## 3 साहसी गोताखोर सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में भटिंडा वॉटरफॉल के तीन साहसी गोताखोर मनोरंजन कुमार बाउरी, नितेश कुमार महतो एवं लखीराम बाउरी को सम्मानित किया गया. इन साहसी गोताखोरों ने भटिंडा फॉल घूमने आए पश्चिम बंगाल के एक महिला एवं एक पुरुष पर्यटक, जो वॉटरफॉल में फिसल गए थे, को अपनी जान की परवाह किए बिना अदम्य साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए पानी से सकुशल बाहर निकाला था.

## केजीबीवी झरिया ने किया बैंड प्रदर्शन

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झरिया की छात्राओं ने आकर्षक बैंड प्रदर्शन प्रस्तुत किया. इनका प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा. इस प्रदर्शन को देखकर सभी दर्शक काफी प्रभावित हुए. इसमें जिया कुमारी, शीतल कुमारी, खुशी कुमारी, कनिका कुमारी, माही कुमारी, अंशू कुमारी, पुष्पा कुमारी, मानसी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सुमन कुमारी, सिमरन कुमारी, प्रिया कुमारी, सारथी कुमारी, मानवी कुमारी, डॉली कुमारी, रानी कुमारी, रिया महतो, रिया कुमारी, वर्षा कुमारी, रुस्कन कुमारी ने भाग लिया .वहीं बैंड शो के संपन्न होने के बाद उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उन्हें सम्मानित किया.

## पांच उत्कृष्ट विद्यालयों को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के पांच उत्कृष्ट विद्यालयों को सम्मानित किया गया. सम्मानित करने से पूर्व उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि विद्यालय की परिकल्पना शिक्षकों एवं बच्चों से मिलकर पूरी होती है। विद्यालय में खुशनुमा माहौल होना चाहिए. प्राइमरी स्कूल, चालडोवा, पूर्वी टुंडी को सम्मानित किया गया. इस स्कूल में प्रभारी एवं शिक्षकों द्वारा खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योग एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से तथा नो कॉस्ट लो कॉस्ट अस्सेस्मेंट के आधार पर बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है. वहीं मिडिल स्कूल, बरमसिया के प्रभारी प्रधानाध्यापिका, शिक्षकों एवं स्कूल हाउस के कैप्टन द्वारा अपने स्कूल में हैप्पी एन्वॉयरन्मेंट बनाये रखने के लिए अद्भुत, शानदार और अकल्पनीय प्रयास किया जा रहा है. पूरे जिला में मिडिल स्कूल अंतर्गत बरमसिया मिडिल स्कूल ने हाई कॉस्ट मार्किंग में सबसे अत्यधिक अंक लेकर कीर्तिमान स्थापित किया है. हाई कॉस्ट मार्किंग में इस स्कूल को 1500 में से 1490 अंक प्राप्त हुए है. अपग्रेडेड हाई स्कूल बोर्रागढ़ को भी सम्मानित किया गया. इस स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं यहाँ के बच्चों की दृढ इच्छाशक्ति से असंभव भी संभव हुआ है. दुर्गम स्थान एवं तमाम कमियों के बावजूद इस स्कूल में बेहतरीन प्रदर्शन हो रहा है. नो कॉस्ट लो कॉस्ट सर्वेक्षण में पाया गया कि बच्चों को मूलभूत सुविधाएँ एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए शानदार प्रयास किया जा रहा है. जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस द्वारा नो कॉस्ट लो कॉस्ट के आधार पर किया जा रहा प्रयास बेहतरीन है. स्कूल के बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापिका, शिक्षक एवं बच्चों का सामूहिक प्रयास सराहनीय रहा है. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलियापुर के प्रधानाध्यापिका, शिक्षक, स्टाफ एवं बच्चों के द्वारा अद्भुत प्रयास किया जा रहा है. स्कूल के क्लासरूम, लैब, पुस्तकालय, किचन गार्डन सहित अन्य सभी स्थान साफ़, सुन्दर एवं स्वच्छ है. यह स्कूल कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रसर है. नो कॉस्ट लो कॉस्ट एवं हाई कॉस्ट में इनके द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय रहा है. हाई कॉस्ट में इस स्कूल में 1500 में 1485 अंक लाकर अद्भुत कार्य किया जा रहा है.

## सीआरपीएफ प्लाटून को मिला प्रथम पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित मुख्य समारोह सीआरपीएफ, सीआईएसफ, आरपीएसएफ, जैप 3, जिला सशस्त्र पुलिस बल (पुरुष), जिला सशस्त्र पुलिस बल (महिला), गृहरक्षक वाहिनी, ग्रामीण पुलिस, एनसीसी (पुरुष), एनसीसी (महिला), भारतीय स्काउट एंड गाइड के प्लाटून ने परेड में हिस्सा लिया. इसमें सीआरपीएफ प्लाटून को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. वहीं जिला सशस्त्र पुलिस बल (महिला) को द्वितीय तथा एनसीसी (महिला) को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. वहीं सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार मुख्य परेड कमांडर रहे. जबकि सार्जेंट चारु बेदिया द्वितीय परेड कमांडर रहे. बैंड पार्टी में किड्स गार्डन स्कूल के छात्र सम्मिलित रहे. उत्कृष्ट कार्य के लिए 12 पुलिस पदाधिकारी सम्मानित : धनबाद । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 12 पुलिस पदाधिकारी को सम्मानित किया गया. सम्मान पाने वालों में एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह, धनबाद थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक के गोपनीय प्रवचका (रीडर) सर्वेश कुमार सिंह, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय, धनबाद थाना के ललित रंजन भगत, कतरास थाना के सागर लाल महथा, टुंडी थाना के अखिलेश प्रसाद, गोविंदपुर थाना के दिनेश प्रसाद मेहता तथा पुलिस लाइन के आलोक लकड़ा व कविता कुमारी सम्मानित किए गए.

# आसनसोल

# सांकतोड़िया में ईसीएल ने फहराया तिरंगा



शुभम संदेश। सांकतोड़िया

ईसीएल ने शुक्रवार को सांकतोड़िया स्थित अपने मुख्यालय में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया. इस अवसर पर ईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री सतीश झा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) मो. अंजार आलम, निदेशक (तकनीकी/संचालन) नीलाद्रि रॉय, निदेशक (मानव संसाधन) गुंजन कुमार सिन्हा, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) गिरीश गोपीनाथन नायर, मुख्य सतर्कता अधिकारी दीप्ति पटेल, शताक्षी महिला मंडल की अध्यक्ष किरण झा, उपाध्यक्ष ज़ीरक बेगम, संचिता रॉय, अनुवा सिन्हा, गीता राधामणि सहित शताक्षी महिला मंडल की अन्य सदस्याएं, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, कल्याण बोर्ड के सदस्य, विभागाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहे. विविध पृष्ठभूमियों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति ने संगठन की एकता, समर्पण एवं सामूहिक भावना का सशक्त संदेश दिया. मुख्य अतिथि श्री झा द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान किया गया. इसके पश्चात उन्होंने परेड की सलामी ली. अपने संबोधन में श्री झा ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, ईसीएल की सतत कोयला उत्पादन, तकनीकी प्रगति एवं कर्मचारी कल्याण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ईसीएल ने अपने इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन करते हुए 52.035 मिलियन टन का मील का पत्थर पार किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.41% की उल्लेखनीय वृद्धि है. यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि संगठन की मेहनत, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है.

## कुल्टी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**बराकर।** बराकर-कुल्टी अंचल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया. इस अवसर पर कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ. अजय पोद्दार ने कुल्टी स्थित विधायक कार्यालय, भाजपा नियमतपुर सेंट्रल कार्यालय, रामनगर स्थित भाजपा कार्यालय, डिशरगढ़ झालबागान स्थित कार्यालय और वार्ड 68 के भाजपा कार्यालय सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर बच्चों को मिठाई, टॉफी, पठन-पाठन की सामग्री, किताबें और कॉपियों का वितरण भी किया गया. विधायक कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल-1 के अध्यक्ष संजू घोष, मंडल-2 के मनमोहन राय, मंडल-3 के अमर प्रसाद, मंडल-4 के सुनील भर, टिंकू वर्मा, इंद्रजीत पाल, अजीत तांती, आदित्य नारायण शर्मा, राजू यादव सहित कई गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. वहीं, बीसीसीएल सीवी एरिया-12 कार्यालय में महाप्रबंधक श्री कुमार साहब ने ध्वजारोहण किया, जहां केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. तृणमूल कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक उज्ज्वल चटर्जी ने बैगुनिया पेट्रोल पंप और चेक पोस्ट स्थित पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर पूर्व पार्षद पप्पू सिंह, सुमिता घोष, सज्जल घोष और सुब्रतो भादुड़ी उपस्थित रहे. इसके अलावा, बराकर रेल पुलिस, बराकर पुलिस फाड़ी, क्षेत्र के सभी स्कूलों एवं स्थानीय क्लबों में भी ध्वजारोहण के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

## खेला होबे दिवस पर फुटबॉल टूर्नामेंट



शुभम संदेश। पुरुलिया

पश्चिम बंगाल युवा कल्याण एवं खेल विभाग की ओर से शनिवार को पुरुलिया के विभिन्न प्रखंडों के साथ-साथ काशीपुर प्रखंड में भी खेला होबे दिवस का आयोजन किया गया. शनिवार को खिलाड़ियों से बातचीत के बाद पुरुलिया जिला परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक स्वप्न कुमार बेलथारिया ने फुटबॉल को किक मारकर खेल का उद्घाटन किया. काशीपुर सेवाव्रती संघ मैदान पर आयोजित इस खेल में कुल 6 टीमों ने भाग लिया. इनमें से घाटरांगमती हाई स्कूल, काशीपुर ने 1 गोल से जीत हासिल की. शिमला मजूरा आमडीहा हाई स्कूल उपविजेता रहा. जिप सदस्य स्वपन कुमार बेलथरिया और काशीपुर प्रखंड के बीडीओ सुप्रीम दास ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए. इस अवसर पर काशीपुर प्रखंड युवा एवं खेल विभाग के अधिकारी अमर्त्य पाल, प्रमुख समाजसेवी सौमेन बेलथरिया, काशीपुर प्रखंड के बीडीओ सुप्रीम दास आदि उपस्थित थे. काशीपुर में महिला फुटबॉल अकादमी स्थापित की गई है और ऐसी ही खेल प्रतियोगिताएं पुरुषों और महिलाओं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगी.

## खेला दिवस पर सौ क्लबों को बांटी खेल सामग्री

**सालानपुर।** सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस की ओर से रूपनारायणपुर तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के सामने खेला दिवस का आयोजन किया गया . इस अवसर पर बाराबनी के विधायक एवं आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय ने लगभग 100 क्लबों को फुटबॉल, बैट-बॉल, जर्सी, धामसा-मादल, कैरम बोर्ड सहित विभिन्न खेल सामग्रियां भेंट कीं. विधायक विधान उपाध्याय सालानपुर क्रीड़ा विभाग की ओर से आयोजित आछड़ा हाई स्कूल मैदान में हुए फुटबॉल मैच में भी पहुंचे. उन्होंने मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया. विधायक ने रूपनारायणपुर और सालानपुर में फीता काटकर और नारियल फोड़कर दो हाई ड्रेन का उद्घाटन भी किया.

## काशीपुर में भाजपा का बूथ सम्मेलन

- मिथुन चक्रवर्ती ने दिया 2026 के चुनाव की तैयारी का संदेश

शुभम संदेश। पुरुलिया



पुरुलिया जिला भाजपा द्वारा गुरुवार को काशीपुर सामुदायिक भवन में काशीपुर और पाड़ा विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों के साथ एक बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अभिनेता और भाजपा के स्टार प्रचारक मिथुन चक्रवर्ती मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे. इस कार्यक्रम में पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, काशीपुर और पाड़ा के विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर महतो, जिला सचिव राजेश चिन्ना, अब्दुल अलीम अंसारी सहित अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे. अपने संबोधन में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि "2026 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस लेनी चाहिए. यह लड़ाई बिना हार माने लड़नी होगी. अगर सनातनी जाग गए, तो तृणमूल कांग्रेस का पतन निश्चित है." उन्होंने दावा किया कि ₹बंगाल भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और भाजपा इसे समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है.₹ उन्होंने कहा कि बंगाल में SIR (संभावित रूप से "सनातन इंडिया राइजिंग" का संकेत) लागू होगा, और "हम भूतिया वोटर नहीं रखेंगे. तृणमूल को उखाड़ फेंकना होगा ताकि बंगाल की अस्मिता और विकास सुरक्षित रहे." मिथुन चक्रवर्ती ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर मतदान करें और भाजपा के सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं. काशीपुर के विधायक कमलाकांत हासदा ने कहा, "हमने आज सम्मेलन में दिए गए संदेश को अक्षरशः पालन करने का संकल्प लिया है और सभी भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की शपथ ली है." पाड़ा विधानसभा से विधायक नदिया चांद बाउरी ने अपने भाषण में तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, "तृणमूल चोरों, ठगों और अपराधियों का समूह है. हमें इस पार्टी को एकजुट होकर उखाड़ फेंकना होगा, तभी बंगाल की प्रगति संभव होगी." उन्होंने यह भी कहा कि "2026 का चुनाव तृणमूल के लिए अंतिम यात्रा साबित होगा."

### न्यूज अपडेट

## जन्माष्टमी पर गाजे - बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा



**कुल्टी। (शुभम संदेश)** जन्माष्टमी शोभा यात्रा कमिटी कुल्टी की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया. कुल्टी खिलान धौरा मोड़ आर्य समाज मंदिर से भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होकर केंदुआ बाजार चाह नंबर गेट, ईटा भट्टा, रांची ग्राम होते हुए पुनः कुल्टी खिलान धौरा मोड आर्य समाज मंदिर पहुंचा, जहां प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुआ.शोभा यात्रा में कुल्टी के विधायक डॉ अजय पोद्दार मुख्य रूप से शामिल थे. शोभा यात्रा जय श्री कृष्ण, राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था. शोभ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला भी उपस्थित रही. शोभा यात्रा में शामिल सभी अथितियों को कमिटी की ओर से पगड़ी-पट्टा, बेच दे कर सम्मानित किया गया. इस दौरन पार्षद ललन मेहरा, मनमोहन राय, राजेश सिन्हा, कमेटी के सदस्य जिशान कुरैशी,संतोष केशरी ,कृष्णा केशरी, टिंकू यादव, बिनोद केशरी, कुंदन रवानी ,परवीन रवानी,अर्णव यादव , परवीन सिक्का, नितेश सीका,बबलू साव , रंजीत वर्मा , निशु सिंह, विक्की रंजक के मेहनत से कार्यक्रम सफल हुआ.

## प्रो. अब्दुल बारी कम्पीटीटिव लाइब्रेरी में सम्मान समारोह

**बर्नपुर (शुभम संदेश)** । प्रो. अब्दुल बारी कम्पीटीटिव लाइब्रेरी की ओर से लाइब्रेरी कमेटी के अध्यक्ष सैयद इकबाल हुसैन के नेतृत्व में शुक्रवार की देर शाम रहमतनगर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि डब्लूबीसीएस अधिकारी तौफीक समसा के अलावा बोरो 6 के चेयरमैन डॉ देवाशीष सरकार, बादल पुईतंडी, बर्नपुर बॉयज स्कूल के मोहम्मद कुद्दूस, आसनसोल गर्ल्स कॉलेज के डॉ बीरू रजक, रहमतनगर हाई स्कूल के इम्तियाज अहमद राशिद, कल्पतरु चटर्जी, खालिद खान सहित अन्य उपस्थित थे. अतिथियों को उत्तरीय एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया. बर्नपुर के विभिन्न स्कूलों से इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले 60 विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. लाइब्रेरी से तैयारी कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को भी सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया. वर्ष 1994 से प्रो. अब्दुल बारी कम्पीटीटिव लाइब्रेरी का सफल संचालन हो रहा है. अब तक 216 युवकों ने सरकारी नौकरी प्राप्त कर विभिन्न विभागों में अपनी सेवा दे रहे हैं.

## पुलिस ने चलाया नशा विरोधी अभियान

**सालानपुर (शुभम संदेश)।** समाज को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से रूपनारायणपुर में पुलिस प्रशासन ने सक्रिय कदम उठाए. सालानपुर थाना प्रभारी अमित हाटी और रूपनारायणपुर फाड़ी प्रभारी अरुणाभ भट्टाचार्य के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान डाबर मोड़ पर एक पथसभा आयोजित की गई और नशा विरोधी पोस्टरों के साथ शोभायात्रा भी निकाली गई . सभा को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे की बुरी लत से छुटकारा पाने के लिए समाज के हर वर्ग की जागरूकता बेहद जरूरी है . उन्होंने बताया कि नशे की वजह से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है, परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में फंस रहे हैं और घरों में अशांति बढ़ रही है . अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थ शरीर और मन दोनों के लिए घातक हैं, इसलिए सभी को नशामुक्त जीवन अपनाना चाहिए. उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या मादक पदार्थों के कारोबारी की जानकारी तुरंत पुलिस को दें. पुलिस ने भरोसा दिलाया कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है . डाबर मोड़ से यूथ क्लब प्रांगण तक नशा विरोधी जागरूकता रैली भी निकाली गई. इस अभियान को स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि झारखंड सीमा से सटे बंगाल के कुछ इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी में कुछ लोग शामिल हैं, जिन पर पुलिस की यह कार्रवाई कारगर साबित होगी.



## कब है श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, पूजा का शुभ मुहूर्त

इस साल कृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त, सोमवार जाएगी। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का शुभारंभ 25 अगस्त, रविवार रात्रि 3 बजकर 39 मिनट से हो रहा है। अष्टमी तिथि का समापन 26 अगस्त, सोमवार को रात्रि 2 बजकर 19 मिनट पर होगा। ऐसे में रोहिणी नक्षत्र 26 अगस्त को ही मिल रहा है, इसलिए जन्माष्टमी पर्व इस दिन ही मनाना शुभ होगा। इस साल जन्माष्टमी के दिन एक विशेष योग बन रहा है जिसका नाम है जयंती योग। जयंती योग का अर्थ है द्वापर युग में श्री कृष्ण के जन्म के समय जिस योग का निर्माण हुआ था उसी योग का निर्माण एक बार फिर से जन्माष्टमी पर हो रहा है। इसी वजह से इस साल का पर्व हर बार से खास है। शास्त्रों के अनुसार, श्री कृष्ण का जन्म भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर वृषभ राशि में रोहिणी नक्षत्र के होने के समय हुआ था। इस साल 26 अगस्त को रोहिणी नक्षत्र वृषभ राशि में दोपहर 3 बजकर 55 मिनट से रात के 3 बजकर 38 मिनट तक है, इसी वजह से इस पर्व का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

## भगवान श्रीकृष्ण के माथे पर हमेशा क्यों लगा होता है मोर पंख?

कृष्ण जन्माष्टमी हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 26 अगस्त, दिन सोमवार को है। लोग इस दिन श्री कृष्ण की विधि अनुसार पूजा अर्चना करते हैं। प्रेम और दया के प्रतीक माने जाने वाले श्रीकृष्ण को सारे देवताओं में सबसे ज्यादा श्रृंगार करना पसंद है। आपने भी देखा होगा हर मंदिरों में कृष्ण की प्रतिमा बेहद सुंदर तरीके से और आभूषणों से सजी धजी होती है। कृष्ण का नाम जुबां पर आते ही हमारे मन में सबसे पहले जो छवि उभर कर आती है, वो है- आभूषणों के साथ हाथ में बांसुरी और मस्तक पर मोर पंख धारण किए हुए युवा कृष्ण। दरअसल, कान्हा का मोर पंख पहनना बेहद पसंद आता है और इसलिए उन्हें मोर मुकुटधारी भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, इसके पीछे कई कारण भी बताए गए हैं। आइए आज हम आपको इसी के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### राधा संग प्रेम का प्रतीक है मोर पंख


कान्हा के साथ मोरपंख रहने की एक बड़ी वजह राधा से उनका अटूट प्रेम भी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, राधा के महल में ढेर सारे मोर रहते थे। एक बार जब कन्हैया अपनी बांसुरी बजा रहे थे, तो उसकी धुन पर राधा नाचने लगी। उनके साथ-साथ मोर भी मद मस्त हो कर नाचने लगे थे। ऐसे में, एक मोर का पंख नाचते हुए नीचे गिर गया। कहते हैं, उसी मोर पंख को उठाकर श्री कृष्ण भगवान ने अपने माथे पर सजा लिया था। इस प्रकार उन्होंने मोरपंख को राधा के प्रेम का प्रतीक माना और हमेशा अपने मुकुट में मोरपंख सजाए रहते हैं।

### शत्रु को विशेष स्थान देते थे कन्हैया

माना जाता है कि कान्हा के भाई बलराम शेषनाग के अवतार थे। मोर और नाग एक-दूसरे के दुश्मन होते हैं, लेकिन कन्हैया के माथे पर लगा मोरपंख यह संदेश देता है कि वे शत्रु को भी अपने जीवन में विशेष स्थान देते हैं।

### कालसर्प योग भी है कारण

मोर और सर्प एक-दूजे के दुश्मन होते हैं। ऐसे में, अगर किसी की कुंडली में कालसर्प योग होता है, उन्हें मोर पंख को हमेशा साथ रखना जरूरी होता है। पौराणिक मान्यता है कि श्रीकृष्ण पर भी कालसर्प योग था। इसलिए वह मोरपंख को सदैव अपने पास माथे पर लगा कर रखते थे। मोरपंख के जरिए कान्हा ने कई संदेश दिए हैं।



# जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को क्यों लगाया जाता है छप्पन भोग?

**हिंदू धर्म में जन्माष्टमी का त्योहार बेहद शुभ और पावन माना जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। अब ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाने का महत्व क्या है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।**

हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति जन्माष्टमी के दिन लड्डू गोपाल की पूजा विधिवत रूप से करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। अब ऐसे में जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाने की मान्यता है।

भगवान कृष्ण को माखन-मिश्री बहुत प्रिय था। छप्पन भोग में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, व्यंजन और फल शामिल होते हैं, जो उनकी इस मिष्ठान प्रेम को दर्शाते हैं। छप्पन भोग को सृष्टि के छप्पन अक्षरों का प्रतीक माना जाता है। यह मान्यता है कि इन व्यंजनों के माध्यम से भगवान कृष्ण को संपूर्ण सृष्टि अर्पित की जाती है। भगवान कृष्ण भगवान विष्णु के अवतार हैं। भगवान विष्णु को समस्त भोगों का भोगी माना जाता है। छप्पन भोग के माध्यम से उनका पूजन किया जाता है। छप्पन भोग बनाने और परोसने की रीतियां विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती हैं। यह स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को दर्शाता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार ब्रजवासी स्वर्ग के राजा इंद्र की पूजा के लिए एक बड़ा आयोजन कर रहे थे। तब छोटे कृष्ण ने नंद बाबा से पूछा कि यह आयोजन क्यों किया जा रहा है। तब नंद बाबा ने कहा कि इस पूजा से देवराज इंद्र बेहद प्रसन्न होंगे और अच्छी वर्षा करेंगे। नन्हें कृष्ण ने कहा कि बारिश तो स्वयं इंद्र का काम है और हम इनकी पूजा क्यों करें। अगर पूजा करनी है, तो गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए। क्योंकि इससे फलों और सब्जियों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही जानवरों को भी चारा मिलता है। तब भगवान श्रीकृष्ण की बात सभी को पसंद आई और सभी लोगों ने इंद्र की जगह गोवर्धन की पूजा करने लगे। इंद्रदेव ने इसे अपने अपमान समझ लिया और वह बेहद क्रोधित हुए। क्रोधित इंद्रदेव ने ब्रज में खूब कहर बरपाया और खूब बारिश करवाई।

इससे पूरे शहर में हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। ऐसा दृश्य देखकर सभी ब्रजवासी डर गए। तब श्रीकृष्ण ने सभी को बचाने के लिए कहा कि सभी गोवर्धन पर्वत की शरण में आ जाओ। वहीं हमें इन सभी प्रकोप से बचाएंगे। भगवान कृष्ण ने पूरे गोवर्धन पर्वत को अपने बाएं हाथ की उंगली से उठा लिया। इससे उन्होंने पूरे ब्रज की रक्षा की। वहीं भगवान श्रीकृष्ण ने 7 दिनों तक बिना कुछ खाए गोवर्धन पर्वत को उठाए रहें। कुछ देर बाद जब इंद्रदेव शांत हुए, तो उन्होंने आठवें दिन बारिश बंद करवाई। उसके बाद सभी ब्रजवासी पर्वत से बाहर आ गए। सब समझ गए कि कान्हा ने सात दिनों से कुछ भी नहीं खाया है। तभी मां यशोदा से पूछा कि वह अपने लाला को कैसे खाना खिलाती हैं। तब सबने बताया कि वह अपने कान्हा को दिन में आठ बार भोग कराती हैं। इस प्रकार सभी ने कुछ छप्पन भोग यानी कि हर दिन 8 व्यंजन तैयार किए और श्रीकृष्ण को खिलाया। इस प्रकार कान्हा को 56 भोग खिलाने का परंपरा शुरू हुई।

## जन्माष्टमी के दिन भूलकर भी न करें ये गलतियां

**इस साल जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा, इस दिन भगवान श्री कृष्ण की पूजा की जाती है और भक्त व्रत रखते हैं। ऐसे में जन्माष्टमी के दिन क्या करना है क्या नहीं चलिए जानते हैं।**

हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन देश में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। लोग इस दिन व्रत रखते हैं, श्री कृष्ण की पूजा करते हैं, रात में जागरण करते हैं और कीर्तन कर भगवान के प्रति अपनी भक्ति को प्रकट करते हैं। भक्त इस दिन राधा रानी की पूजा और कीर्तन करते हैं। कान्हा के जन्म दिन को लोग बहुत खास तरह से मनाते हैं, इस दिन पूजा और व्रत के दौरान भूलकर भी ये काम नहीं करना चाहिए, जिससे भगवान नाराज हो जाएं और भक्त को परेशानी का सामना करना पड़े। जन्माष्टमी के दिन क्या करना है क्या नहीं, इसके बारे में हमने अपने एस्ट्रो एक्सपर्ट शिवम पाठक से पुछा है कि इस दिन हमें क्या करना चाहिए क्या नहीं, तो चलिए जानते हैं।

### जन्माष्टमी के दिन क्या करें

- जन्माष्टमी के दिन व्रत रखे हो या नहीं सुबह जल्दी स्नान करके लड्डू गोपाल की पूजा जरूर करें।
- भगवान श्री कृष्ण के लिए उनके प्रिय चीजों का भोग तैयार करें।
- तुलसी की माला बनाएं, लेकिन सूई धागा से छेद कर नहीं।
- कान्हा का सुंदर श्रृंगार करें और उन्हें झूला झुलाएं।
- गरीबों को दान दें, प्रसाद बनाकर बच्चों को भोग बांटे।
- पूजा से पहले मंदिर की साफ-सफाई करें और गंगाजल से शुद्ध करें।

### जन्माष्टमी के दिन क्या नहीं करें

- जन्माष्टमी पर यदि व्रत रखते हैं, तो उसका पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप व्रत कर रहे हैं, तो उसके नियमों का पालन पूरी तरह से करें।
- जन्माष्टमी की रात को भोजन करना या सोना गलत माना जाता है। विशेष रूप से रात्रि 12 बजे के बाद भोजन करने से बचें।
- जन्माष्टमी के दिन मांसाहार, तामसिक और राजसिक भोजन का सेवन न करें, इसके अलावा यदि आप कोई नशा करते हैं, तो वह भी करने से बचें। इस दिन केवल सात्विक भोजन और फलाहार का सेवन करें।
- जन्माष्टमी के इस पावन दिन पर किसी भी प्रकार का झगड़ा या विवाद नहीं करना चाहिए, शांति और सौहार्द बनाए रखें।
- मंदिर या घर की स्वच्छता बनाए रखें, गंदगी और अशुद्धता से बचें। पूजा-पाठ के दौरान शुद्ध कपड़े पहने और पूजा के लिए भी शुद्ध और पवित्र चीजों का इस्तेमाल करें।
- बच्चों पर हाथ ना उठाएं और बड़ों का अपमान न करें, इससे भगवान नाराज होते हैं और व्रत पर इसका गलत प्रभाव पड़ता है।





# जन्माष्टमी के दिन जरूर करें ये उपाय, भगवान श्रीकृष्ण की बनी रहेगी कृपा

हिंदू धर्म में जन्माष्टमी का त्योहार बेहद धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से की जाती है। सनातन धर्म में जन्माष्टमी का त्योहार अत्यंत पावन और सौभाग्यशाली माना जाता है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से की जाती है। इस दिन ऐसी मान्यता है कि जो भक्त लड्डू गोपाल की पूजा विधिवत रूप से करता है। उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। साथ ही सौभाग्य की भी प्राप्ति होती है। जन्माष्टमी का त्योहार हर भक्त के लिए महत्वपूर्ण होता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी दांपत्ति को कोई संतान नहीं है, तो जन्माष्टमी के दिन व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से करनी चाहिए। इससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं। अब ऐसे में जन्माष्टमी के दिन कुछ ऐसे उपाय हैं, जिसे करने से व्यक्ति को उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उपाय

अगर आपकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं चल रही है, तो जन्माष्टमी के दिन राधा-कृष्ण मंदिर में जाकर श्रीकृष्ण को अपने हाथों से बनी पीले फूल अर्पित करें। ऐसा करने से व्यक्ति को लाभ हो सकता है। साथ ही फूल अर्पित करते समय इस मंत्र का विशेष रूप से जाप करें।

मंत्र है- **क्लीं कृष्णाय गोविंदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।**

### कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

अगर आपकी नौकरी या बिजनेस करते हैं, तो जन्माष्टमी के दिन सात कन्याओं को घर मे आदर सहित बुलाकर उन्हें खीर खिलाएं। लेकिन इससे पहले लड्डू गोपाल को खीर का भोग जरूर लगाएं। इससे आपको सभी कार्यों में सफलता मिल सकती है। साथ ही इस मंत्र का जाप करें।

मंत्र है- **ऊँ क्लीं नमो भगवते नन्दपुत्राय बालादिवपुषे श्यामलाय गोपीजन वल्लभाय स्वाहा।**

### संतान सुख की प्राप्ति के लिए उपाय

संतान सुख की प्राप्ति के लिए जन्माष्टमी के दिन लड्डू गोपाल को पीले मिठाई का भोग लगाएं और उसके बाद उन्हें झूला झुलाएं। ऐसा करने से संतान सुख का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है।

### खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए उपाय

अगर आप अपने दाम्पत्य रिश्ते को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो जन्माष्टमी के दिन दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक करें। साथ ही भगवान को शहद और इलाइची का भोग लगाएं। साथ ही इस मंत्र का जाप करें- **क्लीं कृष्णाय स्वाहा।**





# जन्माष्टमी के दिन इन चीजों के दान से होगा भाग्योदय

सनातन धर्म में जन्माष्टमी को बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है। यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। इस दिन विशेष रूप से कान्हा की पूजा करने विधान है। इस दिन किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

हिंदू पंचांग के हिसाब से भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने की परंपरा है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा विधिवत रूप से करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती है। साथ ही जीवन में चल रही सभी परेशानियों से भी छुटकारा मिल जाता है। इस दिन भक्त लड्डू गोपाल की पूजा करते हैं। उनका श्रृंगार करते हैं। साथ ही माखन का भोग भी लगाते हैं। अब ऐसे में इस दिन कुछ ऐसी चीजें हैं। जिनका दान करने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

### जन्माष्टमी के दिन करें अन्न दान

जन्माष्टमी के दिन अन्न दान करना सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन दान-पुण्य करने से व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। साथ ही अक्षय फलों की भी प्राप्ति होती है। बता दें, अन्न दान महादान होता है। इसलिए जन्माष्टमी के दिन अन्न का दान विशेष रूप से करें।

### करें वस्त्र दान

जन्माष्टमी के दिन वस्त्र का दान करना शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जन्माष्टमी के दिन वस्त्र का दान करने से व्यक्ति को दुख और दरिद्रता से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की कृपा भी बनी रहती है।

जन्माष्टमी के दिन करें माखन का दान

जन्माष्टमी के दिन माखन का दान विशेष रूप से करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि माखन भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय है और ज्योतिष शास्त्र में इसका संबंध शुक्र ग्रह से भी बताया गया है। इसलिए इस दिन माखन का दान करने से व्यक्ति को शुक्रदोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि होती है।

### करें मोरपंख का दान

मोरपंख को भगवान कृष्ण से जोड़ा जाता है। उन्हें मोरपंख का मुकुट धारण करते हुए अक्सर दर्शाया जाता है। मान्यता है कि मोरपंख भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त करने का एक माध्यम है। जन्माष्टमी पर मोरपंख दान करने से व्यक्ति के काम में आ रही रुकावटें दूर हो सकती हैं। साथ ही व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं भी पूरी हो जाती है। इसलिए इस दिन मोरपंख का दान करना शुभ फलदायी साबित हो सकता है।



## मंथन

# झारखंड के शिक्षा मंत्री के निधन से शोक की लहर

झारखंड के शिक्षा मंत्री के असामयिक निधन की खबर से राज्य भर में शोक की लहर दौड़ गई है. यह न केवल राजनीतिक क्षेत्र के लिए, बल्कि राज्य के शिक्षा जगत के लिए भी एक गहरा आघात है. मंत्री जी एक दूरदर्शी और समर्पित नेता थे, जिन्होंने झारखंड में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई उल्लेखनीय पहल की थी.उनके कार्यकाल में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार, शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, डिजिटल शिक्षा के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई गईं. बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके, इसके लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए.उन्होंने शिक्षा को केवल औपचारिक डिग्री तक सीमित न रखते हुए, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया. मंत्री जी का यह मानना था कि राज्य का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षा सशक्त और समावेशी हो.उनकी असामयिक मृत्यु ने एक शून्य उत्पन्न कर दिया है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं दिखती. राज्य ने एक सच्चा जनसेवक, दूरदर्शी नीति निर्माता और शिक्षा प्रेमी नेता खो दिया है.यह समय केवल शोक का नहीं, बल्कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी निभाने का भी है. झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि वे उनके द्वारा आरंभ की गई योजनाओं को और प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ाएं, जिससे उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके.उनका योगदान शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणा के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा.

## नजरिया

# क्या बिहार चुनाव में 40 मुस्लिम प्रत्याशी उतारेंगे प्रशांत किशोर?

बिहार की सियासत में एक बार फिर नई चर्चा जोर पकड़ रही है. जन सुराज अभियान के प्रमुख और चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर (पीके) के आगामी विधानसभा चुनाव में 40 मुस्लिम प्रत्याशी उतारने की संभावना को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं. हालांकि अब तक प्रशांत किशोर या जन सुराज की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस चर्चा ने एक नया मोड़ ले लिया है. प्रशांत किशोर, जो लंबे समय से 'जन सुराज यात्रा' के जरिए बिहार की जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ बना रहे हैं, लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि वह राज्य की पारंपरिक राजनीति को बदलना चाहते हैं. वे जाति और धर्म से ऊपर उठकर अच्छे और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने की बात करते हैं. ऐसे में 40 मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट देने की चर्चा उनके अभियान की रणनीति में एक अहम मोड़ माना जा रहा है. बिहार की कुल 243 विधानसभा सीटों में मुस्लिम मतदाता लगभग 16-17% हैं और कुछ क्षेत्रों में उनकी निर्णायक भूमिका होती है. अगर प्रशांत किशोर सच में इतने बड़े पैमाने पर मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारते हैं, तो यह राजद, कांग्रेस और एआईएमआईएम जैसी पार्टियों के लिए चुनौती बन सकता है, जो परंपरागत रूप से मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर रही हैं. विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम प्रशांत किशोर की सामाजिक संतुलन बनाने की कोशिश का हिस्सा हो सकता है. यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर यह रणनीति सच होती है, तो इसका आगामी विधानसभा चुनाव में क्या असर पड़ता है.

# अयोध्या के बाद पुनौरा धाम; भव्य होगा माता जानकी मंदिर

ज्ञानवर्धन मिश्र





गृहमंत्री शाह ने कहा है कि मंदिर का विकास 890 करोड़ रुपए की लागत से होगा

माता जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम में नव्य और भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा. यह अयोध्या में निर्मित भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बने मंदिर की तरह अद्भुत और अप्रतिम होगा. दशकों नहीं, बल्कि सदियों से पुनौरा धाम के विकास की ओर किसी का ध्यान नहीं गया और माता सीता की जन्मभूमि विकास से दूर रही. लेकिन, अब पुनौरा धाम विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है.22 जनवरी 2024 को अयोध्या में जब प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ, श्रद्धालुओं के मन में एक कसक- सी रह गयी थी कि काश ! माता जानकी की जन्मस्थली पर भी ऐसा ही भव्य मंदिर का निर्माण हो जाता. खास कर मिथिलांचल के लोगों के मन में अरसे से एक दबी हुई इच्छा थी कि मिथिला की बेटी जनकनंदिनी माता सीता की जन्मभूमि पर भी एक नव्य और भव्य सुंदर मंदिर बन जाता. कहा जाता है कि जब श्रद्धा और सच्चे मन से किसी नेक कार्य की चाहत होती है, तो वह जरूर पूरी होती है... और वह दिन आ गया. अयोध्या में श्रीराम मंदिर के भूमि पूजन के चार साल से भी कम समय में सीतामढ़ी के पुनौरा धाम जानकी मंदिर का 8 अगस्त को भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया.

**मंदिर का विकास 890 करोड़ की लागत से होगा :** माता जानकी मंदिर के भूमिपूजन का सौभाग्य केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्राप्त हुआ. इस पुनीत अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा है कि मंदिर का विकास 890 करोड़ रुपए की लागत से होगा. इसमें से 728 करोड़ रुपये परिक्रमा पथ और अन्य संरचनाओं पर खर्च होगा. 67 एकड़ का होगा मां जानकी का मंदिर परिसर. सीतामढ़ी जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर पश्चिम स्थित पुनौरा धाम में मां जानकी के मंदिर के लिए पहले से 17 एकड़ उपलब्ध जमीन का इस्तेमाल किया गया है. इसके अलावा 50 एकड़ जमीन अलग से उपलब्ध करायी गयी है. यानी माता सीता का मंदिर और इसका परिसर कुल 67 एकड़ में होगा और यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. गौरतलब है कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल ने बीते 1 जुलाई को पुनौरा धाम मंदिर परिसर के विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी. इस राशि में से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर और उसके परिसर के विकास पर खर्च किए जाएंगे. वहीं, 728 करोड़ रुपये पर्यटन संबंधी कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे. इसके अलावा, 16 करोड़ रुपये 10 वर्षों तक व्यापक रखरखाव पर खर्च किए जाएंगे.

**67 एकड़ का होगा मां जानकी का मंदिर परिसर :** उत्तर बिहार के सीतामढ़ी जिला मुख्यालय से लगभग पांच किलोमीटर पश्चिम स्थित पुनौरा धाम में मां जानकी के मंदिर के लिए पहले से 17 एकड़ उपलब्ध जमीन का इस्तेमाल किया गया है. इसके अलावा 50 एकड़ जमीन अलग से उपलब्ध करायी गयी है. यानी माता सीता का मंदिर और इसका परिसर कुल 67 एकड़ में होगा और यहां सभी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. गौरतलब है कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल ने बीते 1 जुलाई को पुनौरा धाम मंदिर परिसर के विकास के लिए 882.87 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी. इस राशि में से 137 करोड़ रुपये पुराने मंदिर और उसके परिसर के विकास पर खर्च किए जाएंगे. वहीं, 728 करोड़ रुपये पर्यटन संबंधी कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जाएंगे. इसके अलावा, 16 करोड़ रुपये 10 वर्षों तक व्यापक रखरखाव पर खर्च किये जाएंगे.

**कहां है पुनौरा धाम :** पुनौरा धाम सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से लगभग 5 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है. यह स्थल पहले से ही धार्मिक महत्व का केंद्र रहा है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता जानकी की जन्मस्थली के दर्शन के लिए आते रहे हैं. आनेवाले समय में यह स्थल भव्यता और आधुनिकता का प्रतीक बनेगा. मंदिर परिसर को वही वास्तुशिल्प फर्म डिजाइन कर रही है, जिसने अयोध्या का राम मंदिर बनाया है. प्रस्तावित मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के मंदिर से मात्र 5 फीट कम होगी. क्षेत्रफल और सुविधाओं के लिहाज़ से यह परियोजना किसी भी राष्ट्रीय धार्मिक केंद्र से कम नहीं होगी.

**रोजी-रोजगार के मिलेंगे नए अवसर :** मंदिर के भूमि पूजन के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, 'मैं मिथिलांचल के लोगों से कह रहा हूं कि यह सिर्फ मंदिर नहीं है, बल्कि मिथिलांचल और बिहार के भाग्योदय की शुरुआत है.' निश्चित रूप से मां जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में पुनौरा धाम की वैश्विक पहचान बनेगी, जिससे मिथिलांचल और बिहार की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी. रोजी-रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे. वास्तव में मंदिर का निर्माण होने से मिथिलांचल समेत पूरे बिहार का भाग्योदय होगा. सरकार इस पावन स्थल का समुचित विकास करेगी, ताकि आनेवाले पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा न हो. माता सीता के जन्मस्थल का दर्शन अब अधिक भव्य और सुविधाजनक होगा.

**अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी :** रामायण सर्किट में एक मुख्य पड़ाव के रूप में पुनौरा धाम को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी. निर्माण कार्य, पर्यटन सेवा, गाइड, होटल, हस्तशिल्प, भोजनालय आदि क्षेत्रों में हजारों रोजगार मिलेगा. स्थानीय व्यापारियों, दस्तकारों और किसान उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा. पुनौरा धाम नियोजित ढंग से विकसित होगा, जो सीतामढ़ी शहर की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित और सुंदर बनेगा. वेद पाठशाला, म्यूजियम और मिथिला हाट जैसी संरचनाएं स्थानीय पहचान को सहेजेंगी. पुनौरा धाम का कायाकल्प सिर्फ एक मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि यह बिहार की सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक चेतना का पुनर्जागरण है. अयोध्या में राम मंदिर की तरह ही, अब सीता माता की जन्मभूमि पर भी एक भव्य, दिव्य और विस्तृत मंदिर परिसर आकार ले रहा है. पुनौरा धाम न केवल श्रद्धा का केंद्र बनेगा, बल्कि सीतामढ़ी से आगे निकलकर एक नियोजित धार्मिक नगरी के रूप में विकसित होगा. यह परियोजना बिहार को गौरव, आस्था और अवसरों से जोड़ने वाली एक स्वर्णिम कड़ी बनकर उभरेगी. माता जानकी की पावन भूमि अब नये युग की आस्था का प्रतीक बनने जा रही है.

**(लेखक बिहार-झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## आज का इतिहास

**1852:** 1836 : ब्रिटेन की संसद में जन्म, विवाह और मृत्यु से संबधित पंजीकरण स्वीकार किये गये.

1858 : हवाई द्वीप में पहला बैंक खोला गया.

1909 :मदन लाल ढींगरा को वायली और लालकाका की हत्या के मामले में पेंटोनविली कैदखाने में फांसी दी गयी.

1915 : चक्रवाती तूफान से गेलवेस्टोन और टेक्सास में 275 लोगों की मौत.

1917 : इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1941 : पूर्वी जर्मनी सरकार ने बर्लिन की दीवार का काम पूरा किया.

1947 : भारत की आजादी के बाद पहली ब्रिटिश सैन्य टुकड़ी स्वदेश रवाना.

1978 : तीन अमरीकियों ने हॉट एयर बैलून से अटलांटिक महासागर को पार किया.

1982 : जर्मनी में पहली सीडी (कंपेक्ट डिस्क) लोगों के लिए उपलब्ध की गई.

## परमेश्वर के दैनिक वचन : कार्य के तीन चरण

### चिंतन

**परमेश्वर** पृथ्वी पर मुख्य रूप से अपने वचनों को कहने के लिए आया है; और तुम जिसके साथ संलग्न होते हो, वह परमेश्वर का वचन है, वह परमेश्वर का वचन है, तुम जो देखते हैं, वह परमेश्वर का वचन है, तुम जिसे सुनते हो वह परमेश्वर का वचन है, तुम जिसका पालन करते हो वह परमेश्वर का वचन है, तुम जो अनुभव करते हो, वह परमेश्वर का वचन है, और मनुष्य को पूर्ण करने के लिए परमेश्वर का यह देह धारण मुख्य रूप से वचन का उपयोग करता है. वह संकेतों और चमत्कारों को नहीं दिखाता है, और विशेष रूप में उन कार्यों को नहीं करता है, जिन्हें यीशु ने अतीत में किया. यद्यपि वे परमेश्वर हैं और दोनों देह हैं, किन्तु उनकी सेवकाइयां एक सी नहीं हैं. जब यीशु आया, तो उसने भी परमेश्वर के कार्य का एक भाग पूरा किया, और कुछ वचनों को कहा-किन्तु वह कौन सा प्रमुख कार्य था जो उसने सम्पन्न किया? उसने मुख्यरूप से जो संपन्न किया, वह था सलीब पर चढ़ने का कार्य. क्रूस पर चढ़ने का कार्य पूरा करने और समस्त मानवजाति को छुटकारा दिलाने के लिए वह पापमय शरीर की समानता बन गया, और यह समस्त मानवजाति के पापों के वास्ते था कि उसने पापबलि के रूप में सेवा की. यही वह मुख्य कार्य है जो उसने सम्पन्न किया. अंततः, जो बाद में आए उनका मार्गदर्शन करने के लिए, उसने सलीब का मार्ग प्रदान किया. जब यीशु आया, तब यह मुख्य रूप से छुटकारे के कार्य को पूरा करने के लिए था. उसने समस्त मानवजाति को छुटकारा दिलाया, और स्वर्ग के राज्य का सुसमाचार मनुष्यों तक पहुंचाया, और, इसके अलावा, वह स्वर्ग का राज्य लाया. फलस्वरूप, बाद में जो लोग आये सभी ने कहा, हमें सलीब के मार्ग पर चलना चाहिए, और स्वयं को सलीब के लिये बलिदान कर देना चाहिए. निश्चय ही, मनुष्य को पश्चाताप करवाने और अपने पापों को अंगीकार करवाने के लिए आरंभ में यीशु ने कुछ अन्य कार्य भी किए और कुछ अन्य वचन भी कहे. किन्तु तब भी उसकी सेवकाई सलीब पर चढ़ने की थी, और उसने साढ़े तीन वर्ष जो मार्ग का उपदेश देने में खर्च किए वे भी सलीब पर चढ़ने के वास्ते थे.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. श्री कृष्ण 178K
2. #Janmashtami 80K
3. अटल बिहारी वाजपेयी 35K
4. कन्हैया लाल 27K
5. #AtalBihariVajpayee
6. Visit Factful Debates YouTube 196K
7. #StopVoteChori 36K
8. #KisshtDigitalLoans 12K
9. भारतीय राजनीति 11K

## बहुरंग

# अमिताभ बच्चन के लिए गर्व का पल
# बेटे अभिषेक को मिला आईएफएफएम में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड



अभिषेक बच्चन ने अपने लंबे फिल्मी सफर में कई उतार-चढ़ाव का सामना किया है. बीते कुछ वर्षों से वह लगातार अपने किरदारों के साथ नए प्रयोग कर रहे हैं और दर्शक उनकी चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को सराह भी रहे हैं. इसी कड़ी में उन्हें बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में अभिषेक को अपनी फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' में बेहतरीन अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है. इस सफलता ने न सिर्फ उनके करियर में नई ऊंचाई बनायी है बल्कि उनके पिता अमिताभ बच्चन को भी गर्व से भर दिया है.

अभिषेक की इस उपलब्धि पर अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में गर्व जताते हुए लिखा, मैं खुद को दुनिया का सबसे भाग्यशाली पिता मानता हूं. अभिषेक, तुम हमारे परिवार की शान और सम्मान हो. तुम अपने दादाजी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हो. जीवन में चाहे कितनी भी चुनौतियां आई हों, तुमने कभी हार नहीं मानी. लोगों ने गिराने की कोशिश की, लेकिन तुम हर बार मेहनत के बल पर और भी ऊंचाई पर पहुंचे. अपने हौसले और लगन से तुमने साबित कर दिया कि सपनों को सच करने की ताकत इंसान के अपने भीतर होती है. मेलबर्न में तुम्हें सर्वश्रेष्ठ कलाकार का खिताब मिला. एक पिता के लिए इससे बड़ा तोहफा और क्या हो सकता है. भले ही अभिषेक की प्रतिभा को पहली बार मेलबर्न ने खुले दिल से सराहा हो, लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि एक दिन उनका अपना देश भी उन्हें उसी सम्मान से नवाजेगा. अमिताभ ने यह भी याद किया कि कई साल पहले जब उन्होंने एक फिल्म में बेटे के अभिनय की तारीफ की थी, तब कुछ समीक्षकों ने उन्हें 'पक्षपाती पिता' कहकर उनका मजाक उड़ाया था.

बिग बी ने अपने ब्लॉग में लिखा, कभी लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया था, लेकिन आज वही लोग तालियां बजा रहे हैं. वक्त ने अपना जवाब दे दिया है. जो पहले हंसते थे, अब सम्मान कर रहे हैं. उन्होंने अपने पिता की एक कविता को याद करते हुए लिखा, मैंने समंदर से सीखा है जीने का सलीका, चुपचाप बहना और अपनी मौज में रहना. अमिताभ का कहना था कि अभिषेक ने भी यही राह अपनाई, बिना शोर-शराबे या दिखावे के, सिर्फ अपने काम के दम पर अपनी पहचान बनाई. आखिर में उन्होंने कहा, जीत ही सबसे बड़ा जवाब होती है, और तुमने वो जीत हासिल कर ली है. चुपचाप रहना और अपनी मौज में बहना ही असली राज है. अमिताभ के अनुसार, यह पुरस्कार सिर्फ अभिषेक के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए गर्व और खुशी का पल है. गौरतलब है कि 'आई वॉन्ट टू टॉक' में अभिषेक ने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया है, जो बीमारी और बेटी के सवालों से जूझ रहा है. उनकी संवेदनशील अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया.

# कोर्ट रूम में फिर गूंजेगी जॉली की आवाज अरशद वारसी की वापसी से फैंस उत्साहित



बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और गहरी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाले अरशद वारसी एक बार फिर अपने मशहूर किरदार एडवोकेट जगदीश त्यागी यानी ओरिजिनल जॉली के रूप में वापसी कर रहे हैं. 'जॉली एलएलबी 3' की घोषणा के बाद से ही दर्शक उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और अब यह इंतजार खत्म हो गया है. साल 2013 में रिलीज़ हुई जॉली एलएलबी ने भारतीय सिनेमा में कोर्ट रूम कॉमेडी को नया आयाम दिया था. मेरठ के छोटे शहर के वकील जॉली त्यागी के रूप में अरशद वारसी ने अपनी सादगी, चतुराई और हास्य से दर्शकों को खूब प्रभावित किया था.

इस बार कहानी और भी दिलचस्प होने वाली है, क्योंकि अरशद वारसी का मुकाबला होगा अक्षय कुमार के जॉली मिश्रा से और इस जॉली-टकराव के बीच फंसेंगे हमेशा परेशान रहने वाले जज त्रिपाठी, जिनकी भूमिका एक बार फिर शानदार कलाकार सौरभ शुक्ला निभाने जा रहे हैं. फिल्म में ह्यूमा कुरैशी, अमृता राव और गजराज राव भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे. यह दमदार स्टारकास्ट फिल्म को और भी मज़ेदार और ज़बरदस्त बनाने का वादा करती है. निर्देशक सुभाष कपूर और निर्माता आलोक जैन व अजीत अंधारे की इस फिल्म में जबरदस्त कोर्टरूम ड्रामा, धारदार कॉमेडी और पैनी सामाजिक टिप्पणी का तड़का होगा. 19 सितंबर को, जब देशभर के सिनेमाघरों में शुरू होगी अब तक की सबसे धमाकेदार जॉली लड़ाई.

# बॉक्स ऑफिस पर 'वॉर 2' ने किया कमाल, दूसरे दिन 'कुली' को पछाड़ा




14 अगस्त को सिनेमाघरों में दो बड़ी फ़िल्मों की टक्कर देखने को मिली, रजनीकांत की 'कुली' और ऋतिक रोशन की 'वॉर 2'. रिलीज़ के पहले ही दिन दोनों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी. अब दूसरे दिन यानी स्वतंत्रता दिवस की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं. गुरुवार को ओपनिंग डे पर 'कुली' कमाई में आगे रही थी, लेकिन दूसरे दिन 'वॉर 2' ने भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी मजबूत पकड़ दिखाई. बावजूद इसके, 'कुली' का दबदबा कायम रहा. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस पर भारत में दोनों फिल्मों ने करोड़ों रुपये का कारोबार किया.

**'वॉर 2' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :** 'वॉर 2' ने भारत में रिलीज के पहले दिन 52 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जिसमें हिंदी से 29 करोड़ रुपये और तेलुगु से करीब 22.75 करोड़ रुपये का योगदान रहा. अब फिल्म के दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस नतीजे आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है. शुक्रवार को 'वॉर 2' ने लगभग 56.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया. इस तरह जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन स्टारर यह फिल्म दो दिनों में भारत से कुल 108 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर चुकी है.

**'कुली' बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' की कमाई में दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली है. सैकनिल्क के अनुसार फिल्म ने भारत में पहले दिन 65 करोड़ रुपये की धमाकेदार ओपनिंग की थी. हालांकि दूसरे दिन इसका कलेक्शन घटकर 53.50 करोड़ रुपये रहा. इस तरह दो दिनों में 'कुली' की भारत में कुल कमाई 118.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है. इसमें रजनीकांत के साथ नागार्जुन, श्रुति हासन, सौबिन शाहिर और उपेंद्र अहम भूमिकाओं में नजर आते हैं, जबकि आमिर खान का कैमियो दर्शकों को सरप्राइज देता है. दूसरी ओर, अयान मुखर्जी निर्देशित 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर, कियारा आडवाणी और आशुतोष राणा मुख्य भूमिकाओं में हैं. इस फिल्म के निर्माण पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा. पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें. पदोन्नति मिलने का योग हैं. आमदनी में वृद्घि होगी. यात्रा में सावधानी बरतें. क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है. मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है. अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें. शुभांक-2-5-6

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे. समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं. कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे. बौद्घिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी. स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा. शुभांक-3-4-7

**मिथुन :** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी. व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा. आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे. बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा. शुभांक-4-5-6

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. संतोष से सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा. पुरुषार्थ का सहारा लें. शुभांक -4-6-8

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में बाधा को दूर करेंगे. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. आनन्ददायक वातावरण बनेगा. शुभांक-3-5-6

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. शुभांक-5-7-8

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा. आध्यात्मिक वातावरण बनेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-5-7-9

**धनु :** अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग मिलेगा. स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे. शुभांक-3-5-7

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. व्यापार में प्रगति होगी. भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. धार्मिक यात्रा का योग है. शुभांक-2-5-8

**कुंभ :** हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. आलस्य का त्याग करें. पुरुषार्थ का सहारा लें. कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. शुभांक-3-4-6

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग. धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. शुभांक-2-4-7

## मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के नाम पर ठगी करने का प्रयास

शुभम संदेश। धनबाद

जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा ने जिले के सभी किसानों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के नाम पर भ्रामक जानकारी देने वाले और साइबर ठगों से सतर्क रहने की अपील की है. उन्होंने बताया कि जिले के कुछ कृषकों से शिकायत प्राप्त हो रही है कि उनके पास फोन आ रहे हैं, जिसमें जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर कृषि विभाग, झारखंड, रांची द्वारा उनका चयन मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना में किये जाने की बात की जा रही है एवं कुछ निजी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पास बुक, भु-अभिलेखों को वॉट्सएप पर भेजने और कृषक अंशदान किसी तीसरे पक्ष के बैंक खाते में जमा करने को कहा जा रहा है. यह पूर्णतः भ्रामक जानकारी है और साइबर फ्राड का मामला है. योजना में लाभार्थियों का चयन भूमि संरक्षण कार्यालय, धनबाद द्वारा पंचायत, प्रखंड व जिला स्तरीय समितियों की अनुशंसा पर सघन जांच के बाद किया जाता है. व्यक्तिगत स्तर / यादृक्षिक (रेंडम) आधार पर लाभार्थियों का चयन नहीं किया जाता है. इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए भूमि संरक्षण कार्यालय, धनबाद, जिला कृषि कार्यालय, धनबाद या राज्य के किसान काल सेंटर 18001231136 पर सम्पर्क करें.

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर झरिया श्याम मंदिर में भक्तों की भीड़




### एक नजर

## स्वतंत्रता दिवस पर पौधरोपण कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**धनबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्यायिक सुरक्षा परिषद ने धनबाद जिला में पौधरोपण कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर शहीदों के योगदान को याद किया. वक्ताओं ने कहा कि देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता. पौधरोपण के माध्यम से न केवल शहीदों को सम्मान दिया गया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी फैलाया गया. मौके पर उपस्थित लोगों ने हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर इसी तरह पौधरोपण कर शहीदों के नाम जीवंत रखने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में कई सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मुख्यअतिथि डीईओ अभिषेक झा, डॉ प्रो. मुकुंद रविदास, बीएसएस कॉलेज की प्राचार्या डॉ करुणा आदि के अलावाप्रदेश अध्यक्ष दिलीप रवाणी, प्रवक्ता प्रमोद महतो, चंद्रशेखर महतो, अजीत रवाणी, महताब, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह, जिला सचिव संजीत सिंह, जवाहर यादव, बैजनाथ पंडित, महिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, बबीता देवी आदि मुख्य रूप से थे.

## लोयाबाद पुलिस ने कारू चौधरी के घर चिपकाया इश्तेहार

**लोयाबाद।** लोयाबाद पुलिस ने शनिवार को एकड़ा हरिजन बस्ती निवासी कारू चौधरी के मकान पर न्यायालयीय इश्तेहार चिपकाया . पुलिस ने कारू को निर्देश दिया है कि वह शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करे . लोयाबाद थाना के एसआई रोहित कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 में धनबाद न्यायालय में सीपी केस संख्या 1914/2014 दर्ज किया गया था . इस मामले में गिरजा देवी एवं सत्येंद्र चौधरी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी . इसी क्रम में न्यायालय ने कारू चौधरी को हाजिर होने का आदेश दिया था . लेकिन अनुपस्थित रहने पर कोर्ट ने इश्तेहार तामिला की कार्रवाई का निर्देश पुलिस को दिया .

# रिकवरी एजेंट के समर्थकों ने किया पथराव

## आधा दर्जन मकान क्षतिग्रस्त, करकेंद खटाल में हंगामा

शुभम संदेश। केंदुआ

करकेंद में फिनांस कम्पनी के रिकवरी एजेंटों द्वारा किस्त बाकि होने के नाम पर पल्सर सचिन यादव की पल्सर मोटरसाइकिल जप्त करने के बाद जमकर हंगामा हो गया. पासी धौड़ा के रिकवरी एजेंट समर्थकों ने रात आठ बजे करीब 50 की संख्या में करकेंद खटाल पर पथराव कर दिया. करीब आधा घंटे तक खटाल के खपरैल घरों पर पत्थर बरसते रहे.इससे भगदड़ मच गई.महिला बच्चों ने बचने के लिए दूर घरों में पनाह ली. पथराव से अर्जुन यादव, सूरज यादव, जितेंद्र यादव, मिथलेश यादव, अरुण यादव,रणजीत यादव के छत क्षतिग्रस्त हो गए.घटना की खबर मिलते ही पुटकी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वकार हुसैन पुलिस टीम के साथ खटाल पहुंचे व स्थिति को नियंत्रित करते हुए घटनाक्रम की जानकारी ली. पीड़ितों से भी मिले.इसके पूर्व सभी हमलावर भाग चुके थे.पथराव की घटना से खटाल के लोग आक्रोशित दिखे. युवक सभी बाहर काम में व्यस्त थे. पथराव की खबर सुनने के बाद खटाल पहुंचे. ग्रामीणों ने बताया कि शाम करीब चार बजे फाइनेंस कंपनी के निजी रिकवरी एजेंटों ने सचिन की पल्सर



मोटरसाइकिल क़िस्त बाकि होने के नाम पर जबरन पकड़ लिया था. बाइक सचिन के भाई के नाम से रजिस्टर्ड है. किस्त बाकि नहीं होने का हवाला देने पर भी रिकवरी एजेंट नहीं माने. सचिन ने कहा कि रवि ,मोनू जबरन दो हजार रुपये की मांग करने लगे व अभद्र व्यवहार भी किया. वहीं मोटरसाइकिल से घूमने लगे.सचिन के कहने पर की कम्पनी कैम्पस में क्यों नहीं खड़ा किया,इसपर विवाद बढ़ गया व उसके साथी की पिटाई कर दी.झगड़ा व मारपीट करकेंद हटिया मन्दिर के पास होने विवाद गहरा गया. इसके बाद पासी धौड़ा के युवकों ने खटाल पर पथराव कर दिया.

## मंडल कारा में स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद।** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश मंडल कारा धनबाद में जेल अदालत का आयोजन किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि आज जेल अदालत में कुल 4 वाद पीठासीन न्यायाधीश के समक्ष रखा गया, जिसमें एक भी वाद का निपटारा नहीं हो सका. सचिव ने बताया कि मॉडल कोर्ट में कुल 250 बंदियों का चिकित्सीय जांच कराई गई. डॉ राजीव कुमार सिंह , डॉ० हरिनारायण सिंह जनरल फिजिशियन और डॉक्टरों की टीम अभिषेकता मुखर्जी , रामप्रवेश मंडल, मोहम्मद कलमुल्लाह अंसारी, संतलाल साह जेल प्रशासन चीफ एलईडीसीएस डॉ कुमार विमलेंदु ,डिप्टी चीफ अजय भट्ट , सहायक मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी , नीरज गोयल, सुमन पाठक, कन्हैयालाल ठाकुर , डालसा सहायक अरुण कुमार, सौरभ सरकार, राजेश सिंह, विशाल कुमार आदि ने अपना अहम योगदान दिया.

## दो बाइक में टक्कर, एक की मौत

### मुआवजे को लेकर लोगों ने किया आठ घंटे सड़क जाम

- फंसे राहगीरों की वाहन में गुजरी रात, अधिकारियों पर आक्रोश

शुभम संदेश। टुंडी

टुंडी गोविन्दपुर मुख्य पथ कमारडीह गांव के पास दो बाइकों में भिड़ंत होने पर एक आदिवासी युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए हैं. बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद एसएनएमएमसीएच भेजा गया है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर मुख्य पथ को जाम कर दिया है. सूचना पाकर टुंडी पुलिस व पूर्वी टुंडी सीओ पहुंचे. मृतक की पहचान शिबू सोरेन है. शिबू गोबिन्दपुर प्रखंड के माचामाहुल गांव का रहनेवाला बताया जाता है. सूचना पाकर पूर्वी टुंडी सीओ व टुंडी पुलिस डटे हुए हैं. मृतक अपने साथी के साथ टुंडी बिशनीपतरा गांव से फुटबॉल टूर्नामेंट खेल देखकर लौट रहा था. शिबू गोविन्दपुर माचामाहुल गांव के होपना सोरेन का दूसरा पुत्र था. घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी गई. इधर सूचना मिलने पर मुखिया जयनारायण मंडल, जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की आदि पहुंचे व लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया. अहले दिन तीन बजे सुबह लगभग दस हजार रूपए नगद व सरकारी प्रावधान के अनुसार मिलने वाली राशि देने की बात को लेकर जाम हटा. इस दौरान आठ घंटे तक टुंडी गिरिडीह मुख्य पथ जाम लगा रहा. पुलिस के वरीय अधिकारियों ने जाम हटाने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं ली. राहगीरों को पूरी रात जाम में फंसा रहना पड़ा. इस जाम के कारण कई राहगीरों को उनके काम बाधित हो गए.

## झामुमो महानगर समिति ने किया ध्वजारोहण



शुभम संदेश। धनबाद

झामुमो जिला महानगर समिति के बैंक मोड़ स्थित कार्यालय प्रांगण में महानगर समिति द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई. मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट डॉक्टर नीलम मिश्रा ने कहा कि देश के वीर शहीदों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़कर इस देश को आजादी दिलाने का काम किया है. यह देश सोने की चिड़िया है यहां सभी जाति धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं. महानगर समिति के प्रवक्ता अकाश रवानी ने कहा कि, आज का दिन गमगीन भी है और सुखमय भी है, आज का दिन गमगीन इसलिए है कि अनेक शहादतों के बाद हमें यह देश मिला है शहीदों के शहादत को याद कर आंखें नम हो जा रही है, और सुखमय इसलिए है कि आज ही के दिन हमारे जवानों ने इस देश को आजादी दिलाने का काम किया निश्चित रूप से इस देश के हवा पेड़ पंछी पौधे भी आजाद होकर खिल खिला रहे हैं, आजादी का उत्सव मना रहे हैं. मौके पर महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान, महानगर उपाध्यक्ष राजू प्रमाणिक, बिट्टू यादव, अमित कुमार, असीफ अंसारी, चिंटू रवानी, गंगाधर कुम्हार, सद्दाम अंसारी, कुणाल कुमार, किशोर साव, कृष्ण यादव एवं अन्य उपस्थित थे.

## महुदा में विधायक व जिप सदस्य ने किया सड़क का शिलान्यास

**महुदा।** डीएमएफटी योजना अन्तर्गत ग्रामीण विकास विभाग की और से शनिवार को तेलमोचो पंचायत के चिराटांड़ टोला, पंचायत सचिवालय होते हुए हरिजन टोला से फॉरलेन सड़क तक 2.5 किमी पीसीसी पथ निर्माण हेतु बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो एवं जिप सदस्य आशा देवी के द्वारा नारियल फोड़कर कार्य का शिलान्यास किया गया. विधायक ने कहा कि ग्रामीण के मांग पर दो किलोमीटर तक इस पीसीसी पथ का निर्माण हो रहा है. अब ग्रामीणों को गांव से फोरलेन मार्ग आने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी. क्षेत्र में अगर कहीं विकास का कार्य अधुरा है हमें सूचित करें . उस पर अतिशिघ्र अमल किया जायेगा. मौके पर जिप सदस्य आशा देवी, ग्रामीण एकता मंच के संयोजक राजु महतो, जिप प्रतिनिधी गणेश महतो, भाजपा नेता हराधन महतो सहित अन्य लोग मौजुद थे.

## डीसी ने किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के भवन का भ्रमण

### बच्चों को सभी सुविधाएं सुगमता से अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश

- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विद्यालय के बच्चों के साथ किया लंच

शुभम संदेश। धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का का भ्रमण कर जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने शेष कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बच्चों को सभी सुविधाएं सुगमता से अतिशीघ्र उपलब्ध कराई जा सके.

उपायुक्त आदित्य रंजन ने बच्चों के साथ वक्त गुजारा, उनसे उनकी पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की. उन्होंने बच्चों से भविष्य के बारे में



सवाल जवाब किया. बच्चों ने खुशी-खुशी उपायुक्त से अपनी मन की बात साझा की. इसके उपरांत उपायुक्त ने सभी बच्चों के साथ लंच किया. उपायुक्त ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढने एवं भविष्य में बेहतर करने हेतु शुभकामनाएं दी, साथ हीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया.

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार समेत शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, कर्मी, स्कूल के शिक्षक मौजूद रहे.

## पप्पू सिंह बने रानीबाँध दुर्गा पूजा कमिटी अध्यक्ष

**धनबाद।** शनि मंदिर, रानीबाँध, धैया में दुर्गा पूजा नवयुवक समिति के सदस्यों की बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से पप्पू सिंह को फिर से अध्यक्ष बनाया गया. मिहिर दत्ता को संरक्षक और टिंकू सरकार को सचिव बनाया गया. कोषाध्यक्ष संजय रजक को एवं अमृत सिंह, शक्ति सिंह, नंदू रजक को उपाध्यक्ष बनाया गया. मीडिया प्रभारी वीरेन्दर कुमार बिट्टू, सह सचिव अरुण दास, टिंकू दास, सुरेश कुमार, ध्रुव रजक, उपेन्दर मालाकार, पूजा प्रभारी राजीव चौधरी, राजेंद्र रजक, गोपाल नाग, नौरेन राय, वृन्दावन डे, प्रकाश डे को बनाया गया. मेला प्रभारी संतोष कुमार, रितेश कुमार, सुदीप दत्ता एवं मुन्ना पंडित को चुना गया. सदस्य में राजू शर्मा, डब्लू सिंह, रवि मुख़र्जी, सुब्रतो चटरजी, राज लक्ष्मी शर्मा, आयुष तिवारी, सुभोजीत कुंडू, मोनू रजक, आकाश दास, विवेक तिवारी आदि है. रानीबाँध दुर्गा पूजा का ये पंद्रहवा वर्षगाँठ है.

## चिरकुंडा क्षेत्र में शान से किया गया झंडोत्तोलन

**चिरकुंडा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चिरकुंडा क्षेत्र के सरकारी, गैर-सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न विद्यालयों में शान से झंडोत्तोलन किया गया. चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, चिरकुंडा थाना में प्रभारी रामजी राय, कुमारधुबी स्टेशन में सुनील कुमार पाठक, जीआरपी पीपी कुमारधुबी में अवधेश यादव, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में मनीष कुमार, विद्युत विभाग कार्यालय में संतोष मंडल, झारखंड रिफैक्ट्रीज मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन कार्यालय में शरद अग्रवाल, स्वामी विवेकानंद स्कूल में विवेक सिंह व संजीव साव, लोयला स्कूल में ए. अलफांसो व जानी पी. देवासिया, गुरु नानक मिशन स्कूल में निर्मल सिंह, स्कूल ऑफ ड्रीमवे में राजनारायण साव, अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में उत्तम चक्रवर्ती, एससीपीआरपी विमेंस कॉलेज में दीपा प्रसाद आदि ने ध्वजारोहण किया.

## अरबाज हसन का भाजपाइयों ने किया स्वागत

शुभम संदेश। राजगंज

राजगंज थाना कुल्ही निवासी सजरुल हसन के पुत्र अरबाज हसन के जेपीएससी परीक्षा में 144 वी रैंक हासिल करने पर भाजपा धनबाद जिला के वरीय उपाध्यक्ष रामप्रसाद महतो व भाजपा जिला के मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने अंग वस्त्र व बुके देकर स्वागत किया. साथ में बागदाहा पंचायत के मुखिया बाबुलाल महतो , सुनिल साव ,अजय राम , नेपाल महतो , पप्पु तिवारी , निवास तिवारी , मो शफीक अंसारी , मनोज कुमार महतो , महादेव महतो , नवनीत मित्तल , पिंटु दे , गंगाधर महतो , बब्लु महतो सहित राजगंज क्षेत्र के दर्जनो लोग उपस्थित थे .

### पेज-तीन का शेष

## धनबाद के सर्वांगीण विकास के लिए....

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 2,73,632 लाभुकों को दिया ऋण:** प्रधानमंत्री मुद्रा योजनान्तर्गत धनबाद जिला में अब तक 2,73,632 लाभुकों को 1372.4 करोड़ रूपए का ऋण दिया गया. महिला स्वयं सहायता समूह योजनान्तर्गत 4043 महिला समूहों को बैंक से जोड़ते हुए उन्हें 63.57 करोड़ रूपए वितरित किया गया. पीएम स्वनिधि के तहत 15,675 स्ट्रीट वेंडर्स को 313 करोड़ की राशि वितरित की गई है.

जबकि शिक्षा ऋण के अन्तर्गत इस वर्ष 1069 से अधिक विद्यार्थियों को लगभग 14.35 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया एवं आवास ऋण के अन्तर्गत 423 लाभुकों को लगभग 40.43 करोड़ ऋण उपलब्ध कराया गया.

**तीन कॉलेज में हो रहा है पुस्तकालय का निर्माण:** उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में ऐसे भवन जो उपयोग में नहीं हैं या जर्जर अवस्था में है, उसका मरम्मती एवं निर्माण कर समावेशी शिक्षा के उद्देश्य से पुस्तकालय का निर्माण किया जाना है. प्रथम चरण में आरएस मोड़ कॉलेज, गोविन्दपुर, बीबीएम कॉलेज बलियापुर एवं सिन्दरी कॉलेज, सिन्दरी में पुस्तकालय का निर्माण का कार्य प्रगति पर है. साथ ही सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयास से जिला में सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणाम वर्ष 2025 में मैट्रिक में 91.55%, इंटरमीडिएट के विज्ञान संकाय में 77.99% एवं वाणिज्य संकाय में 94.34% तथा कला संकाय में 97.64% रहा है.

कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दुबे एवं एओली बसु ने किया.

मुख्य समारोह में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के अलावा सभी प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# सांसद ने अखबार वितरकों की मांगों को संसद में उठाने का दिया आश्वासन



शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रीय वितरक महामंच एवं समाचार पत्र विक्रेता समिति, धनबाद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वितरक महासम्मेलन में धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने अखबार वितरकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु मांगों को संसद में उठाने का आश्वासन दिया . विशिष्ट अतिथि विधायक रागिनी सिंह ने भी विधानसभा में आवाज उठाने की बात कही . मुख्य अतिथि हब इंडिया समूह के पंकज कुमार ने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया . सम्मेलन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने 12 सूत्रीय मांगों को लागू कराने के लिए एकजुट संघर्ष का आह्वान किया . राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह ने वितरकों से संगठित होने की अपील की . सम्मेलन में प्रेस संस्थानों के अधिकारियों ने वितरकों की आर्थिक समृद्धि पर विचार साझा किए . अंत में दिवंगत वितरक साथियों को श्रद्धांजलि दी गई.

## लोयाबाद में रोमांचक फुटबॉल मैच, 2-2 की बराबरी पर समाप्त

शुभम संदेश। लोयाबाद

स्वतंत्रता दिवस पर लोयाबाद कोकप्लांट मैदान में एक दोस्ताना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. इस मैच में 1990 से 2000 के बीच सक्रिय रहे गोल्डन ईगल व धनबाद पूर्व रेल क्लब के दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लिया. करीब 10 हजार दर्शक इस रोमांचक मुकाबले के साक्षी बने . दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और एक-दूसरे पर लगातार आक्रमण करते रहे . अंत में कड़े संघर्ष के बाद मुकाबला 2-2 की रोमांचक बराबरी पर समाप्त हुआ . दर्शकों ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया.

ज्ञात हो कि दोनों टीमों के पूर्व खिलाड़ियों ने अपने दौर में कई बड़े टूर्नामेंट जीते थे और राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व भी किया था . इनमें से कई खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से सरकारी सेवाओं में भी स्थान प्राप्त किया है . गोल्डन ईगल क्लब की ओर से अजित पासवान, गोला अंसारी, विनोद सिंह, नरेश उरांव, नंदकिशोर पासवान, सूरज हांड़ी, मैनेजर दिनेश दीवान, मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश पासवान जैसे खिलाड़ी मैदान में उतरे.

वहीं, धनबाद पूर्व रेल क्लब की ओर से हरेंद्र सिंह, विनोद पासवान, प्रदीप मुखर्जी, बबलू सिंह, काजल पाल और तरुण जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया . यह मैच दोनों टीमों और दर्शकों के लिए स्वतंत्रता दिवस पर खेल भावना और पुराने दिनों की यादों को ताजा करने वाला यादगार अनुभव साबित हुआ .

## लोगन पॉल ने मॉडल नीना अगडल से की शादी, नेट वर्थ और करियर ने बटोरी सुर्खियां

# अब लोगन की कमाई के प्रति लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है

एजेंसी। नयी दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार और यूट्यूब सेंसेशन लोगन पॉल ने 15 अगस्त को इटली के खूबसूरत लेक कोमो में डेनिश मॉडल नीना अगडल से शादी रचाई. इस भव्य समारोह में उनके करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों ने शिरकत की, जिसमें उनके भाई और बॉक्सिंग स्टार जेक पॉल भी शामिल थे. इस शादी के बाद लोगन की निजी जिंदगी के साथ-साथ उनकी कमाई और करियर को लेकर लोगों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है. लोगन पॉल की कुल संपत्ति लगभग 150 मिलियन डॉलर बताई जाती है. उन्होंने यूट्यूब, डब्ल्यूडब्ल्यूई, बॉक्सिंग, ब्रांड एंडोर्समेंट और बिजनेस वेंचर्स के जरिए करोड़ों की कमाई की है. वह प्राइम हाइड्रेशन नाम की एक सफल बेवरेज कंपनी के सह-संस्थापक भी हैं, जिसे उन्होंने केएसआई के साथ मिलकर लॉन्च किया था.

फ्रीकैश की एक रिपोर्ट के अनुसार, लोगन पॉल हर महीने यूट्यूब से लगभग 300,000 से 600,000 डॉलर की कमाई करते हैं. वह 2017, 2018 और 2021 में



सबसे ज्यादा कमाने वाले यूट्यूबर्स की लिस्ट में शामिल थे. इसके अलावा, उनका पॉडकास्ट इंपल्सिव भी बेहद लोकप्रिय है, जिससे उन्हें और भी ज्यादा पहचान और इनकम मिलती है. लोगन पॉल के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 90 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. इस भारी-भरकम फैनबेस के चलते वह स्पॉन्सरशिप डील्स से हर महीने 150,000 से 300,000 डॉलर तक कमाते हैं. लोगन ने प्रोफेशनल बॉक्सिंग में भी कदम रखा और इसे भी कमाई का जरिया बना लिया. 2024 की टाइम्स ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वह हर बॉक्सिंग मैच से लगभग 5 मिलियन डॉलर की कमाई करते हैं. लोगन पॉल जल्द ही डब्ल्यूडब्ल्यूई के ₹क्लैश इन पेरिस₹ इवेंट में जॉन सीना के खिलाफ मुकाबला करेंगे. यह मैच दिसंबर में होने वाला है और माना जा रहा है कि यह जॉन सीना के रिटायरमेंट से पहले उनकी आखिरी बड़ी फाइट्स में से एक होगी. इस मुकाबले की शुरुआत समरस्लैम के बाद स्मैकडाउन में हुई थी, जब सीना ने कोडी रोड्स के साथ मिलकर लोगन और ड्रू मैकइंटायर से भिड़ंत ली थी. लोगन पॉल की शादी, जबरदस्त कमाई और डब्ल्यूडब्ल्यूई में उनका उभरता करियर इस समय सुर्खियों में है. अब फैंस की निगाहें उनके और जॉन सीना के बहुचर्चित मुकाबले पर टिकी हैं.

### ग्रीस में परिवार संग छुट्टियां मना रहे ट्रिपल एच, बदली बॉडी के बावजूद दिखे फिट

# स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद डब्ल्यूडब्ल्यूई में हैं काफी एक्टिव

एजेंसी। नयी दिल्ली



के चीफ कंटेंट ऑफिसर और पूर्व रेसलिंग सुपरस्टार ट्रिपल एच हाल ही में अपने परिवार के साथ ग्रीस के मायकोनोस आइलैंड पर छुट्टियां मनाते नजर आए. उनकी पत्नी स्टेफनी मैकमैहन और बेटियों ऑरोरा रोज, मर्फी क्लेयर और वॉन एवलिन के साथ वे इस वेकेशन को खुलकर एन्जॉय कर रहे हैं. समुद्र किनारे उन्हें शॉर्ट्स में देखा गया, जहां उनकी बॉडी में पहले की तुलना में काफी बदलाव साफ नजर आया. कभी अपनी मसल्स और एब्स के लिए मशहूर रहे ट्रिपल एच का लुक अब काफी बदल चुका है. जारी की गई तस्वीरों में उनका पेट थोड़ा बाहर निकला हुआ दिखाई दे रहा है, जो उनके पुराने मस्कुलर लुक से काफी अलग है. लेकिन यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे एक गंभीर कारण है – ट्रिपल एच को दिल से जुड़ी बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसकी वजह से उन्हें रिंग से रिटायर भी होना पड़ा.

ट्रिपल एच ने महज 14 साल की उम्र में बॉडी बिल्डिंग शुरू कर दी थी और 19 की उम्र में एक प्रतियोगिता भी जीत ली थी. डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार बनने के बाद वे 'मसल्स एंड फिटनेस' मैगजीन के कवर पेज पर भी नजर आए थे. 2001 में एक बड़ी चोट के बाद उन्होंने खुद को पूरी तरह फिट करने में आठ महीने तक कड़ी मेहनत की थी और 2002 में धमाकेदार वापसी की थी. भले ही वे अब रेसलिंग रिंग में नहीं उतरते, लेकिन ट्रिपल एच आज भी डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे अहम चेहरों में से एक हैं. बतौर चीफ कंटेंट ऑफिसर वे डब्ल्यूडब्ल्यूई को क्रिएटिव स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं. खासकर एईडब्ल्यूसे मिल रही चुनौती के बीच वे डब्ल्यूडब्ल्यूई को और मजबूती देने के लिए रणनीति बना रहे हैं. बताया जा रहा है कि ट्रिपल एच जल्द ही डब्ल्यूडब्ल्यूई के यूरोप दौरे पर जाने वाले हैं. ऐसे में ग्रीस में छुट्टियां उनके लिए एनर्जी रीचार्ज करने का एक बेहतरीन मौका था. स्वास्थ्य समस्याओं के बावजूद वे अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं और अपने फैंस के बीच अभी भी उतने ही लोकप्रिय हैं जितने अपने रेसलिंग करियर के पीक पर थे.

# सैमी जेन की चैंपियन बनने की राह : क्या 2026 रॉयल रंबल होगी नई शुरुआत?

एजेंसी। नयी दिल्ली

डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज सुपरस्टार सैमी जेन की कहानी एक बार फिर चर्चा में है. हाल ही में डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन रोस्टर में वापसी करने वाले जेन को लेकर अब ऐसी उम्मीदें जताई जा रही हैं कि वह जल्द ही वर्ल्ड चैंपियन बनने की राह पर चल सकते हैं. फैंस सालों से इस मोमेंट का इंतजार कर रहे हैं और अब लग रहा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई आखिरकार उन्हें वह बड़ा मौका देने जा रही है, जिसके वह हकदार हैं. 2026 का रॉयल रंबल सऊदी अरब में आयोजित होने वाला है. यह इवेंट डब्ल्यूडब्ल्यूई और सऊदी सरकार के साथ साझेदारी को लेकर विवादों के बीच भी एक भव्य आयोजन बनता जा रहा है. खास बात यह है कि इस बार सैमी जेन को वहां परफॉर्म करने की अनुमति मिलने की खबर ने फैंस को खासा उत्साहित कर दिया है. यह रॉयल रंबल, रेसलमेनिया 42 की राह को तैयार करेगा और यहीं से सैमी जेन की चैंपियन बनने की कहानी की शुरुआत हो सकती है. 2025 में जे उसो की रॉयल रंबल जीत ने भले ही विवाद खड़ा किया हो, लेकिन उस पल ने यह साबित कर दिया कि डब्ल्यूडब्ल्यूई में अब अनपेक्षित और नए चेहरों को भी मौका दिया जा रहा है. जे उसो की जीत ने कई फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया, लेकिन यह भी उम्मीद जगाई कि शायद सैमी जेन को भी वह ऐतिहासिक मौका मिल सकता है. सैमी जेन एक ऐसे सुपरस्टार हैं जो हमेशा विवादों से दूर रहे हैं और जिनकी इमेज साफ-सुथरी है. एक दशक से अधिक समय तक डब्ल्यूडब्ल्यूई का हिस्सा रहने के बाद, अब वह पूरी तरह तैयार हैं उस मुकाम को छूने के लिए जिसका सपना हर रेसलर देखता है — वर्ल्ड चैंपियनशिप. डब्ल्यूडब्ल्यूई को अब एक ऐसे चैंपियन की जरूरत है जिसे फैंस पूरे दिल से स्वीकार करें, और सैमी जेन वह आदर्श विकल्प बन सकते हैं. अगर डब्ल्यूडब्ल्यूई ने 2026 के रॉयल रंबल में सैमी जेन को विजेता बनाया, तो यह सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट नहीं होगा, बल्कि डब्ल्यूडब्ल्यूई इतिहास का भी एक भावुक और यादगार पल बन जाएगा.



### इंग्लैंड क्रिकेट को मिला सबसे युवा कप्तान: जैकब बेथेल रचेंगे इतिहास

# जैकब को इंग्लैंड क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है

एजेंसी। नयी दिल्ली

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को साउथ अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है. इस चयन में सबसे बड़ी और ऐतिहासिक बात यह रही कि आयरलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 21 वर्षीय जैकब बेथेल को कप्तान नियुक्त किया गया है. यह फैसला उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास का सबसे युवा कप्तान बना देगा. जैकब बेथेल 17 सितंबर को जब आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में मैदान पर उतरेंगे, तो वह मोंटी बोडेन का 135 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे. मोंटी बोडेन को 1889 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी, तब उनकी उम्र 23 वर्ष थी. अब जैकब बेथेल मात्र 21 साल की उम्र में इंग्लैंड की सीनियर टीम की अगुवाई करते हुए एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं. जैकब बेथेल को इंग्लैंड क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है. वह एक प्रतिभाशाली बैटिंग ऑलराउंडर हैं, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों करते हैं. उन्होंने अब तक चार टेस्ट मैचों में 271 रन बनाए हैं और 3 विकेट लिए



हैं. वनडे में उन्होंने 12 मैचों में 317 रन और 7 विकेट चटकाए हैं, जबकि 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 281 रन और 4 विकेट उनके नाम दर्ज हैं. उनकी निरंतरता और बहुपरियोग्यता ने चयनकर्ताओं को यह बड़ा कदम उठाने के लिए प्रेरित किया.

दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक को कप्तान नियुक्त किया है. ब्रूक की कप्तानी में इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है और आगामी विश्व कप के लिए संभावनाएं तलाश रहा है. अब यदि मोंटी बोडेन की बात करें, तो उन्होंने इंग्लैंड के लिए केवल दो टेस्ट मैच खेले थे और दोनों पारियों में मिलाकर 25 रन बनाए थे. वह घरेलू क्रिकेट में सरे की ओर से खेलते थे और 86 प्रथम श्रेणी मैचों में 2316 रन बनाए थे, जिसमें 3 शतक और 7 अर्धशतक शामिल थे. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 189 रन था और उन्होंने गेंदबाजी में भी 2 विकेट लिए थे. जैकब बेथेल की कप्तानी न केवल उनके करियर के लिए मील का पत्थर होगी, बल्कि यह इंग्लैंड क्रिकेट में युवा प्रतिभाओं पर विश्वास का प्रतीक भी है. अब देखना दिलचस्प होगा कि बेथेल इस ऐतिहासिक मौके को किस तरह अपने प्रदर्शन से यादगार बनाते हैं.

# सिनसिनाटी ओपन-2025 : अल्कराज सेमीफइनल में, ज्वेरेव ने शेल्टन को हराया

एजेंसी। सिनसिनाटी

दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने जबरदस्त जज्बे का परिचय देते हुए आंद्रेई रुबलेव को हराकर एटीपी-डब्ल्यूटीए सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में अल्कराज ने 6-3, 4-6, 7-5 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा. ज्वेरेव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी और टोरंटो चैंपियन बेन शेल्टन की विजयी लय को तोड़ा. उन्होंने क्वार्टरफ़ाइनल में शेल्टन को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से मात दी. मैच के दौरान ज्वेरेव ने चक्कर आने और सांस फूलने की शिकायत की, लेकिन शेल्टन की 27 अनफोर्स्ड एरर्स का फायदा उठाते हुए उन्होंने 76 मिनट में जीत हासिल की. 2021 चैंपियन ज्वेरेव ने दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त बना ली थी. इस बीच शेल्टन ने



नाराज होकर अपना रैकेट फेंक दिया. ज्वेरेव ने दूसरे मैच प्वाइंट पर जीत पक्की की और अब अगले 24 घंटे में फिटनेस हासिल करने पर ध्यान देंगे. उन्होंने कहा, "अभी मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा हूं, लेकिन मेरे पास एक दिन है. उम्मीद है कि सेमीफाइनल तक पूरी तरह फिट हो जाऊंगा." दूसरी ओर, अल्कराज ने तीसरे सेट में 5-4 पर मैच सर्व करते हुए अपनी सर्विस गंवाई, लेकिन तुरंत वापसी करते हुए तीन गेम बाद मुकाबला अपने नाम कर लिया. रुबलेव की आठवीं डबल-फॉल्ट पर अल्कराज ने जीत सुनिश्चित की. 2023 में उपविजेता रहे अल्कराज ने लगातार 14वां मास्टर्स 1000 मैच जीता. उन्होंने इस साल मोंटे कार्लो और रोम खिताब जीते थे और अब तक 2025 में पांच ट्रॉफी अपने नाम कर चुके हैं. सीजन में यह उनकी 52वीं जीत रही. अल्कराज ने कहा, "मैंने पॉजिटिव सोचना जारी रखा. रुबलेव के खिलाफ अगर फोकस खो दें तो मैच हाथ से निकल सकता है. वापसी करने की क्षमता पर मुझे गर्व है. यही पल मुझे सबसे ज्यादा पसंद है."

### झज्जर की शूटर मनु भाकर ने पद्मश्री के लिए किया आवेदन



**झज्जर।** खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड विजेता झज्जर की शूटर मनु भाकर ने अब पद्मश्री सम्मान के लिए आवेदन किया है. वर्तमान में वह कजाकिस्तान में 16 से 30 अगस्त तक चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं. झज्जर के गांव गोरिया में जन्मीं मनु भाकर के परिवार एक सदस्य ने बताया कि मनु ने पद्मश्री के लिए आवेदन किया है. मनु विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भी तैयारी कर रही है. यह प्रतियोगिता और इंटरनेशनल शूंटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप का आयोजन 2027-28 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में होगा. दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए और पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से एमए कर चुकी मनु भाकर ने अब खेल मैनेजमेंट में एमबीए की पढ़ाई के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रोहतक में प्रवेश के लिए आवेदन किया है. एशियाई चैंपियनशिप कज़ाकिस्तान से लौटने के बाद वह यह पढ़ाई शुरू करेंगी. उल्लेखनीय है कि मनु भाकर को खेल उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले देश के हर बड़े सम्मान से नवाजा जा चुका है.

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया. सिम्पसन न केवल एक शानदार बल्लेबाज़ थे बल्कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के पुनरुत्थान में भी उनका बड़ा योगदान रहा. बतौर पहले पूर्णकालिक कोच, उन्होंने 1980 और 1990 के दशक में ऑस्ट्रेलिया को मज़बूत टीम के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई. उस दौरान टीम की कप्तानी ऐलन बॉर्डर और मार्क टेलर ने की.

## प्रीमियर लीग: लिवरपूल ने बोर्नमाउथ को 4-2 से हराया

**लिवरपूल।** प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने अपने खिताब बचाव अभियान की शानदार शुरुआत की. शुक्रवार को एनफील्ड में खेले गए सीज़न के पहले मुकाबले में लिवरपूल ने रोमांचक अंदाज में बोर्नमाउथ को 4-2 से मात दी. यह मुकाबला भावनाओं से भरा रहा, क्योंकि जुलाई में टीम के फॉरवर्ड डियोगो जोटा के निधन के बाद एनफील्ड में यह पहला मैच था. नए खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने 37वें मिनट में डेब्यू गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई, वहीं 49वें मिनट में



कोडी गक्पो ने स्कोर 2-0 कर दिया. बोर्नमाउथ ने इसके बाद वापसी की. एंटोनी सेमेनोंयो, जिन्हें पहले हाफ में नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और जिसके चलते खेल कुछ देर रुका, ने 64वें और फिर 76वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया और लिवरपूल को हिला दिया.

### धौनी और गंभीर एक साथ नजर आए शादी में

# पुरानी रंजिशों पर लगा विराम?

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह क्रिकेट मैदान नहीं, बल्कि एक शादी समारोह है. चर्चा इसलिए भी तेज़ है क्योंकि इस समारोह में गंभीर और एमएस धोनी को एक साथ देखा गया. दोनों दिग्गजों की यह मुलाकात इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि वर्षों से इन दोनों के रिश्तों को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगती रही हैं. गौतम गंभीर और महेंद्र सिंह धोनी गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी के भाई की शादी में पहुंचे थे. इस मौके पर धोनी के




साथ उनकी पत्नी साक्षी भी मौजूद थीं. शादी के इस कार्यक्रम में वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा, युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा, पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल भी नजर आए. लेकिन सभी की नजरें टिकीं थीं धोनी और गंभीर पर, जिन्हें वर्षों बाद एक साथ खुलकर बातचीत करते देखा गया.

गौतम गंभीर, जो कि 2007 के टी20 और 2011 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत की जीत के अहम सूत्रधारों में से एक थे, ने अतीत में कई बार खुलकर धोनी के कप्तानी रोल पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि ₹धोनी अकेले नहीं, बल्कि पूरी टीम ने भारत को विश्व चैंपियन बनाया.₹ उनके इन बयानों को कई बार धोनी के खिलाफ नाराजगी के तौर पर देखा गया. इतना ही नहीं, धोनी की कप्तानी के दौरान ही गंभीर टीम से बाहर भी हुए थे, जिससे दोनों के बीच 'कोल्ड वॉर' की खबरें तेज हो गई थीं. इन सबके बावजूद, हालिया शादी समारोह में इन दोनों को एक साथ, दोस्ताना अंदाज़ में बातचीत करते देखना क्रिकेट प्रेमियों के लिए राहतभरा और खुशी देने वाला पल था. इससे यह संदेश भी गया कि दोनों के बीच व्यक्तिगत स्तर पर कोई मनमुटाव नहीं है. यह मुलाकात यह साबित करती है कि भले ही मैदान पर मतभेद या अलग दृष्टिकोण रहे हों, लेकिन व्यक्तिगत रिश्तों में परिपक्वता और सम्मान अब भी बरकरार है. ऐसे में फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि अब जब गौतम गंभीर टीम इंडिया के कोच हैं, और धोनी भी क्रिकेट के बड़े दिग्गजों में गिने जाते हैं, तो भारतीय क्रिकेट को इन दोनों के अनुभव और सहयोग से नया मुकाम मिल सकता है.

# एलए गैलेक्सी के खिलाफ वापसी करेंगे लियोनेल मेसी

एजेंसी। फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)

इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी चोट से उबरकर शनिवार को लॉस एंजेलिस गैलेक्सी (एलए गैलेक्सी) के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं. टीम के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की. 38 वर्षीय मेसी दाएं पैर की चोट के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे. यह चोट उन्हें 2 अगस्त को नेकैक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के पहले हाफ में लगी थी. हालांकि, इस हफ्ते की शुरुआत में उन्होंने टीम के साथ ट्रेनिंग फिर से शुरू कर दी. कोच माशेरानो ने कहा, "लियो अब पूरी तरह ठीक हैं. वह बुधवार से टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं. हमें भरोसा है कि अगर कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं बनी तो वह मैच में शामिल होंगे." मेसी फिलहाल एमएलएस गोल्डन बूट की दौड़ में 18 गोल के साथ नैशविल के सैम सुर्रिज के बराबरी पर हैं. अर्जेंटीना के आठ बार के बैलन डी'ऑर विजेता मेसी ने इस सीज़न में 17 एमएलएस मैचों में 10 असिस्ट भी किए हैं. इंटर मियामी (12-5-6, 42 अंक) ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की अंकतालिका में छठे स्थान पर है और फिलहाल प्लेऑफ कटलाइन से छह अंक ऊपर है. टीम लीग्स कप के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंच चुकी है.



ब्रीफ न्यूज

### डायरिया से मां और बेटे की तबीयत बिगड़ी

**सतगावां (कोडरमा)।** सतगावां थाना क्षेत्र के गोनरडीह में डायरिया की चपेट में आने से मां सहित पुत्र की हालत बिगड़ गई. आनन फानन में ग्रामीणों और घरवालों के सहयोग अभिराज कुमार उम्र 4.5 वर्ष और ललिता देवी उम्र 30 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,. जहां प्राथमिक उपचार किया गया. वहीं स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है कि इस भीषण गर्मी में बासी भोजन करने से यह बीमारी फैली है. इससे कई लोग इस बीमारी से और भी पीडित हैं. उपचार के बाद स्थिति ठीक बताई जा रही है. कहा कि इस समय लोगों को ताजा भोजन करना चाहिए. इससे वे स्वस्थ रहेंगे.

### जयनगर के अंबाडीह में 5 दिनों से बिजली गुल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के तेतरौन पंचायत अंतर्गत अंबाडीह ऊपर टोला के ग्रामीण पांच दिनों से अंधेरे में जीवन गुजारने को विवश हैं. जानकारी के अनुसार यहां 25-25 केवी क्षमता के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं, जो बीते दिनों तेज बज्रपात की चपेट में आकर खराब हो गए. इसके चलते लगभग 80 घरों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है. ग्रामीणों ने बताया कि इसकी सूचना बिजली विभाग को तुरंत दे दी गई थी, लेकिन अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है. ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र दोनों ट्रांसफार्मरों को बदलवाने की मांग की है.

### सतगावां में मारपीट मां और बेटी घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सरबहना में मार पीट में मां बेटी घायल होने का मामला प्रकाश में आया है. ग्रामीणों व घायल कुंती देवी उम्र 58 वर्ष पति ननकू प्रसाद व निमिता कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता ननकू प्रसाद के अनुसार बताया जाता है कि 14अगस्त की रात्रि निमिता कुमारी के पति अपने साथीओ के साथ सरबहना अपने ससुराल आया है अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा बिच बचाव में आए कुंती देवी के साथ जमकर मारपीट कर दिया. जिससे मां के साथ निमिता भी बुरी तरह घायल हो गाई.इसकी सूचना सतगावां थाना को दिया गया.

### जयनगर में धूमधाम से फहराया गया तिरंगा

**जयनगर (कोडरमा)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जयनगर प्रखंड मुख्यालय सहित थाना परिसर, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न सरकारी तथा गैर-सरकारी कार्यालयों में हर्षोल्लास के साथ झंडोतोलन किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी आवासीय परिसर में, इसके बाद पुराने प्रखंड परिसर स्थित शहीद स्मारक एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई.

### संवेदक पर अनियमितता बरतने का लगा आरोप

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पुरनाडीह पंचायत पैक्स के गोदाम निर्माण कार्य में संवेदक पर अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है. पुरनाडीह पंचायत के समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद साव, ग्रामीण विनय साव, विनोद पासी, गुलाबचंद पासी आदि ने बताया कि पैक्स निर्माण में घटिया किस्म का छड़ बांधा जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है की पिलर में 16 एम - एम 12 एम - एम का छड़ दिया जा रहा है जबकि बीम (टायबिंग) मे 10 एम - एम का छड़ दिया जा रहा है ऐसे मे पैक्स ढह सकता है.

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बागीटांड स्टेडियम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया

# विकास कार्यों से बदलेगा जिले का स्वरूपः डीसी ऋतुराज



शुभम संदेश।कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बागीटांड स्टेडियम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया. समारोह का शुभारंभ उपायुक्त श्री ऋतुराज द्वारा परेड निरीक्षण एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ. इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कोडरमा जिले की प्रमुख उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी साझा की. उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि कोडरमा जिला में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से मरीजों को ओपीडी एवं आईपीडी की सुविधाएं सुलभ तरीके से प्रदान की जा रही हैं. आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार में कोडरमा जिला राज्य में दूसरे स्थान पर है. मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सदर अस्पताल कोडरमा सहित जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 45 पैरामेडिकल स्टाफ एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत 14 नए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है. इससे सितंबर माह से सदर अस्पताल में न्यूरो, कैंसर, नेत्र, आर्थो, मनोचिकित्सा एवं प्लास्टिक सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी, जिससे संबंधित मरीजों को इलाज हेतु जिला से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस के तहत कोडरमा जिला के 32 में से 9 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाणपत्र प्राप्त हो चुका है.

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की पहल, प्रोजेक्ट रेल व प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं विद्यालयों के शिक्षकों के अथक प्रयास से इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में कोडरमा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा. 12वीं परीक्षा के विज्ञान संकाय में जिला द्वितीय एवं वाणिज्य संकाय में छठे स्थान पर रहा. साथ ही सरकारी विद्यालयों में जिला प्रशासन की ओर से संचालित ₹सम्पूर्ण शिक्षा कवच₹ के तहत 3 छात्रों ने जेईई मेंस एवं 11 छात्रों ने जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त की. उन्होंने बताया कि डीईजीएस कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग के तहत नीलेट के माध्यम से एनक्यूएएस आधारित पाठ्यक्रमों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें लगभग 200 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं. अकादमिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोडरमा प्रखंड परिसर में मास्टर सोबरन मांझी सार्वजनिक पुस्तकालय की शुरुआत की गई है. नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में कोडरमा जिला के दो आकांक्षी प्रखंड, जयनगर एवं मरकच्चों, को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है तथा प्रत्येक को एक-एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है. झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रति लाभुक प्रति माह 2,500 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जिससे जिले के लगभग 1,38,000 लाभुक लाभान्वित हो रहे हैं. साथ ही सर्वजन पेंशन योजना के तहत जिले के लगभग 96,000 लाभुकों को पेंशन दी जा रही है.

राजस्व न्यायालय वाद निष्पादन दर लगभग 94 प्रतिशत के साथ कोडरमा जिला राज्य में द्वितीय स्थान पर है. राजस्व संबंधी प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शुक्रवार को सभी अंचल कार्यालयों में अंचल-सह-थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है. विगत दो माह में 1,344 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें लगभग 54 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया गया है. इस पोर्टल के माध्यम से प्रशासन सीधे जनता से जुड़ रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है. उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा जिला को भारत के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने एवं पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु चन्दवारा प्रखंड के तिलैया डैम एवं उरवों में पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है. इस स्थल पर वॉटर पार्क, वॉकिंग ज़ोन, एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे आगंतुकों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार की पर्यटक सुविधाएं मिल सकेंगी एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. तिलैया डैम में वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के तहत आधुनिक नौकाएं जैसे स्पीड बोट व फ्लोटिंग रेस्टुरेंट का परिचालन किया जा रहा है, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है.

उपायुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला एवं उप विकास आयुक्त रवि जैन द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों की पत्नियों, उनके माता-पिता तथा झारखंड आंदोलनकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. साथ ही पुलिस सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं संस्थाओं में से कुछ को प्रतीकस्वरूप चयनित कर, बेहतर प्रदर्शन एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस बल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्लाटून, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी कोडरमा, चौकीदार जवान, सैनिक स्कूल तिलैया डैम, एनसीसी ग्रुप, सीडी गर्ल सीएम स्कूल झुमरी तिलैया, सेक्रेड हार्ट स्कूल, ग्रिजली विद्यालय एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया. साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जयनगर, सेक्रेड हार्ट स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कोडरमा द्वारा बैंड प्रस्तुति दी गई.

### जिले को अफीम के धंधे से पूरी तरह मुक्त करना हैः एसपी सुमित



**चतरा।** जिले के लोगों को बेहतर पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है. बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ जिले को अफीम के धंधे से पूरी तरह मुक्त करना है. चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने पुलिस लाइन में तिरंगा फहराने के बाद संबोधित करते हुए ये बातें कहीं. एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सबसे पहले पुलिस लाइन में शहीद जवानों की स्मृति में बनाए गए शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की. सुबह 7:15 बजे पुलिस लाइन में परेड की सलामी के बाद तिरंगा फहराया गया. इस अवसर पर चतरा और सिमरिया एसडीपीओ क्रमशः संदीप कुमार और शुभम खंडेलवाल के साथ थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के अंत में, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने घोषणा की कि सभी निलंबित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को निलंबन मुक्त करने और वेतन रोक हटाने की घोषणा की.

## स्वतंत्रता दिवस पर पीवीयूएनएल में गर्व के साथ ध्वजारोहण



शुभम संदेश।रामगढ़

स्वतंत्रता दिवस का आयोजन पीवीयूएनएल, पतरातु में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एके सहगल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया. कार्यक्रम की शुरुआत सीआईएसएफ, एनसीसी और फायर विंग द्वारा आकर्षक परेड मार्च से हुई. ध्वजारोहण के बाद सहगल ने कर्मचारियों एवं आमंत्रित अतिथियों को संबोधित करते हुए पीवीयूएनएल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला. उन्होंने विशेष रूप से 800 मेगावाट पूर्ण भार परीक्षण (फुल लोड ट्रायल) को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक पूरा करने की सराहना की. उन्होंने सभी से समाज के उत्थान हेतु कार्य करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया. रेनु सहगल अध्यक्षा स्वर्णरेखा महिला समिति ने कस्तूरबा की स्टूडेंट्स को स्पेक्स डिस्ट्रीब्यूट किया. बाल भवन और सृजन के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. कार्यक्रम में कस्तूरबा की बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया और सीआईएसएफ जवानों ने इज़राइली मार्शल आर्ट "क्राव मागा" थीम पर शानदार कॉम्बैट प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया. अंत में उत्कर्ष छात्रवृत्ति, सीईओ मेधावी सम्मान और अन्य उपलब्धियों के पुरस्कार वितरित किए गए.

## पूर्व मंत्री रमेश प्रसाद यादव की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

शुभम संदेश।कोडरमा



एकीकृत बिहार राज्य के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में कोडरमा की सांसद तथा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पति स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव की पुण्यतिथि शनिवार को बड़े ही श्रद्धा और भावनात्मक माहौल में मनाई गई. यह आयोजन चाराडीह स्थित उनके समाधि स्थल पर संपन्न हुआ. सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों, समर्थकों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा समाधि स्थल पर लगना शुरू हो गया. हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने स्वर्गीय यादव की प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी समाधि स्थल पर उपस्थित रहीं और उन्होंने अपने पति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. पुण्यतिथि पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव के व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे जनसेवा को सर्वोपरि मानने वाले नेता थे. गरीबों और वंचितों की आवाज को सदन से लेकर सड़क तक बुलंद करना उनका जीवन उद्देश्य रहा. उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल लोगों ने स्वर्गीय यादव के बताये आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया. मौके पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण और समर्थक उपस्थित रहे. समाधि स्थल पर उमड़ी भीड़ और वातावरण में व्याप्त भावुकता ने इस बात का परिचय दिया कि स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं और उनकी यादें कोडरमा सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धा के साथ संजोई जाती हैं.

## मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट आनंद शंकर सेठ ने किया ध्वजारोहण

## बीएफसीएल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

शुभम संदेश।रामगढ़



बीएफसीएल (बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंगस लिमिटेड) द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन भव्य तरीके से मनाया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट आनंद शंकर सेठ ने ध्वजारोहण कर शुरुआत की. बताया कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है. जिस पर हम लोग एकत्रित हुए हैं यह हमारे देश के लिए और हम सभी के लिए गौरवपूर्ण है. यह अवसर उन बलदानियों और शहीदों की याद दिलाता है. जिसके कारण हम आजाद हुए और अपने आजादी को महसूस कर रहे है. स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मनाते हुए हमें संस्कृति और सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों को याद भी रखना होगा. जिससे कि देश सुंदर और सुनियोजित हो और आगे बढ़े. हम सबको आगे बढ़कर इस भारत देश की संरचना को सुदृढ़ बनाने का संकल्प करना चाहिए और देश के लिए हर एक व्यक्ति को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए. इस अवसर पर बीएफसीएल द्वारा अपने कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया. इस मौके पर सभी कर्मचारीगण तथा संस्था के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे. इस मौके पर राकेश गुप्ता, साजिद रज़ा, आरपी यादव, जसपाल बंकर, एसआर सिंह मौजूद थे.

## ग्रामीणों ने मुख्य सड़क की मोरम -मिट्टी से की मरम्मत



शुभम संदेश। चतरा

लावालौंग थाना क्षेत्र के रिमी पंचायत के ग्रामीणों को रिमी से पांकी जोड़ने वाली मुख्य सड़क जर्जर हो चुका था. जिससे ग्रामीणों को पूरी तरह आवागम बाधित होने के कारण परेशानी सामना करना पड़ रहा था. जिसके लेकर ग्रामिणो ने आपस मे चंदा कर अपने निजी खर्च से जेसीबी मशीन लगाकर मोराम मिट्टी से मरम्मत किया. और ग्रामिणों ने बताया कि यहां के स्थानीय प्रतिनिधि सभी आते है. और बड़े बड़े वादे भी करते है. और असावशन भी देते है. लेकिन एक भी वादे आज तक पूरा नहीं हुआ. जिसमे ग्रामीणों, टुनटुन राम, संतोष यादव, आफ्ताब आलम उर्फ अंटोनी, शुभम यादव, सूर्यदेव यादव, कमलेश यादव, पियारी यादव, उपेंद्र कुमार यादव और अन्य ग्रामीणों उपस्थित थे.

पेज एक का शेष...

### आंतरिक उपनिवेश से मुक्ति की छटपटाहट

इसकी तुलना में, अधात्विक खनिजों का उत्पादन 13,640 करोड़ अनुमानित है, जो कुल मूल्य का 9.7% है. ये आँकड़े वर्ष के समग्र खनिज उत्पादन मूल्य में धात्विक खनिजों की प्रधानता को रेखांकित करते हैं. खनिज उत्पादन में पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 65 फीसदी है. देश में खनन से मिलने वाली रॉयल्टी संग्रहण का 88.5 फीसदी अनुसूचित क्षेत्र के राज्यों से आता है. चूंकि खनन का जिलावार या प्रखंडवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, इसलिए जिलावार या प्रखंडवार खनन गतिविधियों या रॉयल्टी का ब्यौरा संभव नहीं है. केवल राज्यवार आंकड़े ही उपलब्ध हैं.

**खनन इलाकों में ज्यादा गरीबी :** सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट ने केंद्र और राज्य सरकारों से सूचना अधिकार कानून के तहत खनन संबंधी जानकारी मांगी थी. प्राप्त जानकारी के मुताबिक देश में 50 प्रमुख खनन जिले हैं. खनन के 50 प्रमुख जिलों में से 27 जिले अनुसूचित क्षेत्र के जिले हैं. विचित्र लेकिन सत्य है कि लगभग 90 फीसदी खनन रॉयल्टी के बाद भी जनजातीय आबादी सबसे ज्यादा असुरक्षित और निर्धन है. जनजातीय समुदायों के पैरों तले खनिज है और साथ ही संविधान का सुरक्षा कवच भी. बावजूद इसके वे शोषित, उत्पीड़ित और विस्थापित हैं.

सर्वोच्च अदालत ने 25 जुलाई 2024 को कहा, "छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में खनिजों का ज्यादा भंडार है. इस तरह, इन राज्यों के घेरलू विकास में खनन सेक्टर की भूमिका ज्यादा है. खनिजों से समृद्ध होने के बावजूद इनमें से कई राज्य आर्थिक विकास में पीछे हैं और अर्थशास्त्री इसे 'संसाधनों का श्राप' कहते हैं. उदाहरण के लिए झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है. इसलिए, कराधान इन राज्यों के लिए राजस्व के महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक है, जो लोगों को कल्याणकारी योजनाएं और सेवाएं प्रदान करने की उनकी (राज्यों की) क्षमता पर असर डालता है."

**उपनिवेश बनाये रखने की राजनीति :** देश में उत्पादित कुल खनिजों का लगभग 40% उत्पादन झारखंड में होता है. यहाँ पाये जाने वाले खनिजों की संख्या 30 से भी अधिक है. यहाँ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार खनिज पदार्थ एवं उन पर निर्भर उद्योग-धंधे हैं. अनुमानतः संपूर्ण भारत के लौह अयस्क का 30% भंडार झारखंड में है. तांबा उत्पादन में झारखंड देश का अग्रणी राज्य है. देश का 33% तांबा यहां उत्पादित होता है. लगभग 32% बॉक्साइट उत्पादन कर देश में प्रथम स्थान पर है. यहां उच्च कोटि का बॉक्साइट पाया जाता है, जिसमें 52% से 55% तक एल्यूमीनियम होता है. वर्तमान में करीब 350 किलोग्राम सोना का औसत उत्पादन हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के मऊ कॉपर प्लॉट (घाटशिला) में प्रति वर्ष होता है, जो तांबा अयस्क से उप-उत्पाद के रूप में निकाला जाता है.

विडंबना देखिए कि खनिज संपन्न होने के बाद भी नीति आयोग ने सबसे ज्यादा गरीबी झारखंड और बिहार में होने का उल्लेख किया है. इस मामले में झारखंड की स्थिति बिहार से तुलनात्मक रूप में थोड़ी बेहतर है. नीति आयोग ने राज्य में गरीबी की स्थिति का आकलन करने के लिए बहुआयामी गरीबी सूचकांक (मल्टी डायमेंशनल पोवर्टी इंडेक्स-एमपीआइ) को आधार बनाया है. इसके तहत किसी परिवार की आर्थिक स्थिति के साथ ही उसके स्वास्थ्य, शिक्षा और रहन-सहन के स्तर को आधार बनाया जाता है.

आयोग ने इस आधार पर झारखंड का आकलन करने के बाद यह नतीजा निकाला है कि यहां गरीबी की तीव्रता 43.95 प्रतिशत है. आयोग की रिपोर्ट में चतरा, साहिबगंज, पश्चिम सिंहभूम, दुमका और पाकुड़ में सबसे ज्यादा गरीबी होने का उल्लेख किया है. रिपोर्ट के अनुसार, पाकुड़ में सबसे ज्यादा 66.2 प्रतिशत गरीबी है. पश्चिम सिंहभूम में 61.7,साहिबगंज में 60, दुमका में 58.7 और चतरा में 58.4 प्रतिशत गरीबी होने का उल्लेख किया है. सबसे कम गरीबी पूर्वी सिंहभूम में है. इस जिले में 25.8 प्रतिशत गरीबी है. राजधानी रांची इस मामले में दूसरे नंबर पर है, इस जिले में 29.3 प्रतिशत गरीबी है. मालूम हो पश्चिम सिंहभूम लौह अयस्क का हब है और याहन की 60 फ़ीसदी आबादी गरीबी और कुपोषण में जीने को बाध्य है.

झारखंड सरकार के खान विभाग के आंकड़ों की लिहाज से पश्चिम सिंहभूम में सर्वाधिक 2814.45 करोड़ रुपये की वसूली हुई है. यहां लौह अयस्क से 90 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति हुई है. वहीं, धनबाद में 1945.18 करोड़ रुपये की वसूली हुई है. यहां भी 90 प्रतिशत से अधिक राजस्व कोयला से प्राप्त होता है. खान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 11848.15 करोड़ रुपये की वसूली की है. इसमें खनन भूमि पर लगाये गये सेस करीब 1380 करोड़ रुपये मिले हैं. वित्तीय वर्ष 2025-26 में खान विभाग ने 21900 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है. विभाग का मानना है कि सेस की दर बढ़ायी गयी है. वहीं, पावर प्लांटों को दिये जाने वाले कोयले पर भी बाजार दर से रॉयल्टी की वसूली होगी. इससे राजस्व दोगुना हो जाएगा.

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर अधिनियम 2024 बना. इसमें मीट्रिक टन के हिसाब से उपकर लगाने का प्रावधान है. कोयले और लौह-अयस्क के लिए 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से उपकर लगाने का प्रावधान है. वहीं, बॉक्साइट पर यह दर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर और मैगनीज अयस्क पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन होगी. इसके अलावा अन्य खनिजों के लिए हर टन खनिज पर चुकाई गई रॉयल्टी का 50 प्रतिशत सेस लगेगा. लेकिन क्या राजस्व वसूली बढ़ जाने से यहां के आदिवासियों और मूलवासियों की स्थिति बेहतर हो जाएगी. उत्तर ना होगा. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बकाये 1.36,000 करोड़ के बकाये की मांग तेज कर दी है. झारखंड सहित लगभग हर खनिज संपन्न राज्यों की राजनीति की धुरी खनन और इसपर आधारित वैध-अवैध कारोबार है. यही कारोबार सत्ता का समीकरण बनाता और बिगाड़ता है. नीतियां यही तय करता है और यही लाबी कॉर्पोरेट के हितों को आदिवासी और मूलवासियों के हितों से ऊपर रखने को सरकार को बाध्य करता है और सरकार अपने हिसाब से चलाता है. इसलिए आदिवासी मुख्यमंत्री होने ना होने का कोई असर इन संपन्न राज्यों के आदिवासियों और मूल वासियों की सेहत पर नहीं पड़ता है. आंतरिक उपनिवेशवाद का यह नायाब मॉडल है, जो सफलता से फल-फूल रहा है. झारखंड को बुर्कीना फासो के युवा राष्ट्रपति इब्राहिम ट्रोरे की तलाश है!

आस्था

## ध्वजाधारी धाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

शुभम संदेश।कोडरमा




जिले के सुप्रसिद्ध ध्वजाधारी धाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष भी हर्षोल्लास और आस्था के वातावरण में मनाया गया. जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता मंदिर परिसर में लग गया. धाम स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाकर विशेष रूप से तैयार किया गया था, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आ रहा था. रात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की घड़ी आई, मंदिर परिसर में घंटा-घड़ियाल और जयकारों की गूंज से वातावरण आल्हादित हो उठा.

महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव की शुरुआत की. इसके उपरांत भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण का झूला झुलाया और भोग अर्पित कर आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर आयोजित 24 घंटे के अखंड कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. स्थानीय भजन मंडलियों और भक्तों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और अधिक उल्लासपूर्ण बना दिया. देर रात तक श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते और नृत्य करते रहे. आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय श्रद्धालुओं और समाजसेवियों का सराहनीय योगदान रहा. इसमें मनोज कुमार झुन्नू, चंदन बाबा, मनीष कुमार, इन्द्रदेव यादव, गोपाल यादव, धीरज तिवारी, दिनेश मोदी, जमुना यादव, शशि सिंह, अरुण सिन्हा, सहदेव यादव, जनसन यादव सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई. धाम की भव्य सजावट और भक्तिमय माहौल से श्रद्धालुओं ने इसे अविस्मरणीय अनुभव बताया. लोगों ने कहा कि ध्वजाधारी धाम में जन्माष्टमी का पर्व हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ, जिसने श्रद्धालुओं को गहराई से भावविभोर कर दिया.

### जन्माष्टमी पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन

**टंडवा।** जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर टंडवा प्रखंड के मिश्रौल पंचायत स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला. भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ बुधवार सुबह 8 बजे से सूचारु रूप से किया गया, जो लगातार 24 घंटे तक चलेगा और गुरुवार सुबह 8 बजे विधिवत रूप से संपन्न होगा. भक्तों ने बारी-बारी से संकीर्तन में भाग लेकर ₹हरे राम-हरे कृष्ण₹ के मधुर नामजप से वातावरण को गूंजायमान कर दिया. इस दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी भक्तिमय बना दिया. मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं जलपान की विशेष व्यवस्था की गई. वहीं रात्री में श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया.

## ब्रीफ न्यूज

### शिवपुरी-ट्रक और ट्रैवलर में भिड़ंत, गुजरात के चार लोगों की हुई मौत

**शिवपुरी ।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के शिवपुरी- झांसी फोरलेन हाईवे पर शनिवार की सुबह ट्रक और ट्रैवलर की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को शिवपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह हादसा शिवपुरी-झांसी फोरलेन हाईवे जो नेशनल हाईवे-27 के नाम से जाना जाता है वहां पर अमोला घाटी के नजदीक हुआ है. इस हादसे में गुजरात के 20 लोगों का म्यूजिशियन ग्रुप काशी विश्वनाथ में आयोजित शिव कथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद लौट रहा था.

### बेंगलुरु में चार मंजिला इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में केआर मार्केट के पास नागरथपेटे में एक चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गई. इमारत में अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है.मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने और इमारत में फंसे लोगों को निकालने में जुटे हुए हैं. इस हादसे के मृतकों की पहचान मूल रूप से राजस्थान रहने वाले मदन (38), उनकी पत्नी संगीता (33), मितेश (8) और विहान (5) के रूप में हुई है. ये सभी एक ही परिवार के सदस्य थे.

### सीबीआई ने 26 साल से फरार हत्या के आरोपित को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 साल से फरार हत्या के आरोपित मोहम्मद दिलशाद को यहां के इंदिरा गांधी अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया. उसे 11 अगस्त को उस समय पकड़ा गया, जब वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए सऊदी अरब से भारत लौट रहा था. गिरफ्तारी के बाद 14 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. सीबीआई के मुताबिक, दिलशाद पर अक्टूबर 1999 में सऊदी अरब के रियाद शहर में एक व्यक्ति की हत्या करने का आरोप है.

### तैराक बुला चौधरी के आवास से पद्मश्री सहित कई पदक की हुई चोरी

**हुगली ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित और अर्जुन पुरस्कार विजेता भारतीय तैराक बुला चौधरी का पद्मश्री पुरस्कार शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के हिंद-मोटर स्थित उनके पैतृक आवास से चोरी हो गया. बुला चौधरी वर्तमान में दक्षिण कोलकाता के कस्बा में रहती हैं लेकिन उनके तैराकी करियर के दौरान अर्जित सभी पुरस्कार, ट्रॉफ़ी और पदक हिंद-मोटर स्थित उनके पैतृक आवास पर प्रदर्शित थे. वह हर हफ़्ते अपने पैतृक आवास पर आती थीं और यह देखने जाती थीं कि उनके पुरस्कार, ट्रॉफ़ी और पदक ठीक से हैं या नहीं.

### बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर कोलकाता में बवाल

# विवेक अग्निहोत्री बोले-ये तानाशाही है, ट्रेलर लॉन्च इवेंट में हुआ हंगामा

**एजेंसी ।कोलकाता**



फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में हंगामा मच गया. डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री का कहना है कि पश्चिम बंगाल की सरकार उनकी आवाज को रोकने की कोशिश कर रही है. विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च के विरोध में हंगामा मच गया, जिसके बाद उन्हें वेन्यू छोड़कर जाना पड़ा.

**बंगाल फाइल्स के ट्रेलर लॉन्च पर हुआ हंगामा :** जानकारी के मुताबिक, विवेक अग्निहोत्री ने फैसला किया था कि वो अपनी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर कोलकाता में लॉन्च करेंगे. उन्होंने एक सिनेमाहॉल में इसे लॉन्च करना था. लेकिन कोलकाता पहुंचने पर उन्हें पता चला कि इस इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है. इसके बाद उन्होंने एक प्राइवेट होटल में इसकी स्क्रीनिंग रखी. यहां भी फिल्म को लेकर हंगामा हुआ और ट्रेलर लॉन्च करने में दिक्कतें आईं. हालांकि तमाम मुश्किलों के बाद अब 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर सामने आ चुका है.

विवेक अग्निहोत्री ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर सवाल उठाया है. उनका कहना है कि उनकी फिल्म में हंगामा करने लायक ऐसी कोई चीज नहीं थी, जिसके लिए ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अड़चन डाली जाए. ऐसे में उनके इवेंट को कैंसिल करवाना और इसमें हंगामा होना 'तानाशाही' के बराबर बात है. इवेंट में विवेक अग्निहोत्री के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस पल्लवी जोशी भी पहुंची थीं. यहां दोनों की सुरक्षा के लिए पुलिस बुलानी पड़ी.

#### पल्लवी जोशी का फूटा गुस्सा

पल्लवी जोशी का फूटा गुस्सा इस मामले में पल्लवी जोशी का बयान भी सामने आ गया है. उन्होंने दावा किया है, 'जिस तरह से फिल्म को रोका गया है मुझे ये बिल्कुल पसंद नहीं आया. इस शहर में अभिव्यक्ति की आजादी है या नहीं. एक फिल्मकार और एक्टर के तौर पर हमने जो बनाया है, हमें वो दिखाने नहीं दिया जा रहा. इन्हें किस बात का डर लग रहा है? ऐसा कुछ कश्मीर में नहीं हुआ था. क्या हम ये सोचें कि कश्मीर में बंगाल से बेहतर हाल हैं? देखिए आज बंगाल में क्या हो रहा है. और इसीलिए द बंगाल फाइल्स जैसी फिल्म जरूरी है. मैं चाहती हूं कि भारत का हर एक इंसान इस फिल्म को देखे और बंगाल का सच जाने. ये स्टेट की जिम्मेदारी है कि आर्टिस्ट को इज्जत दे.'




फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर की बात करें तो इसमें हिंदू-मुस्लिम दंगों को दिखाया गया है. ये उस जमाने की कहानी है जब देश में गांधी और जिन्नाह रहा करते थे और दोनों के बीच बंगाल को लेकर जंग छिड़ी हुई थी. जिन्नाह को बंगाल का एक हिस्सा चाहिए था, जिसके गांधी खिलाफ थे. ऐसे में हिंदू और मुस्लिम जनता के बीच घमासान होते देखा जा सकता है. ये फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

### उपराष्ट्रपति पद के लिए आज भाजपा की बैठक नाम की घोषणा संभव

**नयी दिल्ली ।** जगदीप धनखड़ उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद देशभर में इस बात को लेकर चर्चा तेज है आखिर भारत का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? इसके लिए आने वाले नौ सितंबर को चुनाव भी होने है. ऐसे में सूत्रों की मानें तो उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) जल्द ही अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकता है. इसको लेकर भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक आज होने की संभावना है, जिसमें उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप दिया जाएगा. एनडीए के गठबंधन दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को उप राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है. उप-राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है. सूत्रों के अनुसार, एनडीए के उम्मीदवार के नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे. बता दें कि संसद का मानसून सत्र 18 अगस्त से फिर शुरू हो रहा है. ऐसे में नामांकन से पहले एनडीए के सांसदों और सहयोगी दलों की बैठक भी हो सकती है. एनडीए के सांसद उम्मीदवार के समर्थन में कई सेट में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. अगर विपक्ष भी अपना उम्मीदवार उतारता है, तो नौ सितंबर को चुनाव होगा. दिलचस्प बात ये है कि एनडीए को लोकसभा और राज्यसभा के कुल सांसदों वाले इलेक्टोरल कॉलेज में स्पष्ट बहुमत हासिल है.

### पश्चिम पाकिस्तान में बाढ़ का कहर

# मरने वालों की संख्या 307 हुई 184 लोगों की मौत बुनेर में हुई



- 36 लोगों की मौत शांगला में हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बटाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया.

**एजेंसी ।पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 300 से अधिक हो गई है. प्रांत के प्राधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. मूसलाधार बारिश के कारण प्रांत के विभिन्न जिलों में अचानक बाढ़ आ जाने के कारण शुक्रवार को 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई. प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के प्रवक्ता फैजी ने बताया कि प्रांत के बाजौर, बुनेर, स्वात, मनाहरा, शांगला, तोरघर और बटाग्राम जिलों में भारी बारिश, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई. डीएमए ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ के कारण 307 लोग मारे गए, जिनमें से कम से कम 184 लोगों की मौत बुनेर में हुई है. सेना ने कहा कि 36 लोगों की मौत शांगला में हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बटाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया. डीएमए प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया था कि मृतकों या घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि प्रभावित क्षेत्रों में अब भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं. मानसून के मौसम की जून के अंत में शुरुआत होने के बाद से कई बार हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे देश में कहर बरपाया है. विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और उत्तरी क्षेत्रों में बाढ़, भूस्खलन और विस्थापन ने परेशानी बढ़ा दी है.

### रूस में सेना के संयंत्र में विस्फोट, 11 की मौत

**मॉस्को ।** रूस में सेना के एक बारूद संयंत्र में हुए विस्फोट में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 130 से अधिक घायल हो गए. मृतकों में रूस के चार सैनिक भी शामिल हैं. आपातकालीन मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह विस्फोट मॉस्को के दक्षिण-पूर्व में रियाजान क्षेत्र में स्थित एक संयंत्र में हुआ. रूस के अखबार द मास्को टाइम्स और यूक्रेन के डिजिटल मीडिया 'यूनाइडेट 24 मीडिया' ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के हवाले खबर दी है कि यह इलास्टिक सिंथेटिक फाइबर संयंत्र है. इसके बारूद के ढेर में अचानक आग लग जाने से कई विस्फोट हुए. आपातकालीन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर संयंत्र के मलबे और इमारत को हुए भारी नुकसान की तस्वीरें अपलोड करते हुए घोषणा की, दुर्भाग्य से 11 लोग मारे गए. सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि इस विस्फोट में 130 अन्य लोग घायल हो गए. रूसी आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

# पूर्व विधायक अंबा के भाई अंकित की 3.02 करोड़ की संपत्ति जब्त

♦ ईडी की कार्रवाई

**शुभम संदेश। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अंकित राज की 3.02 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. अंकित राज ने यह संपत्ति बालू के अवैध खनन से हुई अवैध कमाई से खरीदी है. अंकित ने अपनी नाजायज कमाई को जायज करार देने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये हैं. अंकित राज बड़कागांव के पूर्व विधायक अंबा प्रसाद का भाई है. वह राज्य के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व बड़कागांव के पूर्व विधायक निर्मला देवी का बेटा है. बड़कागांव इलाके में इस परिवार ने कोयला व अवैध बालू खनन के कारोबार में धाक जमा रखा है. उल्लेखनीय है कि इडी ने पुलिस द्वारा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ दर्ज 16 प्राथमिकी को ईसीआइआर के रूप में दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी. इसमें अंबा के पारिवारिक सदस्यों पर रंगदारी, जमीन कब्जा करने, प्रतिबंधित संगठन चलाने और खनिजों का अवैध व्यापार करने सहित अन्य गंभीर व अवैध कारोबार में शामिल होने के आरोप हैं. मामले की जांच के दौरान इडी ने 12-13 मार्च 2024 और चार जुलाई 2025 को अंबा प्रसाद के पारिवारिक व उनसे संबंधित लोगों के ठिकानों पर छापामारी की थी. छापेमारी के बाद 18 जुलाई को माइनिंग ऑफिस का सर्वे किया था. जांच में पाया गया कि सोनपुर घाट का माइनिग लाइसेंस 2019 में समाप्त हो गया था. इसके बावजूद अंकित राज द्वारा प्लांड्डू, दामोदर नदी से अवैध तरीके से बालू निकाला जाता रहा.

## नेमरा में संस्कार भोज : दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा सैलाब, आम से लेकर खास तक पहुंचे

# राज्यपाल संतोष गंगवार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, सांसद पप्पू यादव, योग गुरु बाबा रामदेव ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि, सीएम हेमंत और उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की

**शुभम संदेश। नेमरा (रामगढ़)/ रांची**

स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के "संस्कार भोज" में हिस्सा लेने व गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शनिवार को आम से लेकर खास लोगों का सैलाब सीएम हेमंत सोरेन के नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास पहुंचा. आमलोगों के साथ ही साथ राजनेताओं, अफसरों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के लोगों ने गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, सांसद पप्पू यादव, योग गुरु बाबा रामदेव, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, पूर्व राज्यसभा सांसद आरके आनंद सहित सैकड़ों राजनेताओं ने स्मृति शेष-गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और मुख्यमंत्री व उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की.

**गुरुजी का व्यक्तित्व मुझे प्रभावित करता था : राजनाथ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी से मेरी कई मुलाकातें हुईं. उनकी सहजता, सरलता और उनका व्यक्तित्व मुझे प्रभावित करता था. गुरुजी सिर्फ आदिवासी ही नहीं बल्कि अन्य समाज के भी अभिभावक के रूप में जाने जाते थे. मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं.


▪ राजनाथ सिंह


▪ रेवंत रेड्डी


▪ राज्यपाल


▪ बाबा रामदेव


▪ पप्पू यादव

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.